हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 23 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 223 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

# नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

## सहायक नगर निवेशक/कनीय अभियंता/स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर/पाइपलाइन इंस्पेक्टर/खान निरीक्षक/मोटरयान निरीक्षक

## का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
मा0 मंत्री, जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार


**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
मा0 मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री दीपक बिरुआ**
मा0 मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार



**इस अवसर पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।**

**23 जुलाई, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**
**प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

PR No. 330359 / IPRD / 2024-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

# सुल्तानगंज से जल भर कर देवघर के लिए रवाना कांवरिया

## अजगैबीनाथ मंदिर में 40 सीसीटीवी लगाए गए, शहर में भारी वाहन के प्रवेश पर रोक

निज संवाददाता। भागलपुर



सावन की पहली सोमवारी में भागलपुर के एक दर्जन से अधिक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान करने के बाद जल भरकर विभिन्न मंदिर पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता व्यवस्था कर लिया गया है। जगह-जगह पदाधिकारी तैनात हैं। सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ मंदिर में कई राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। जहां पर उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर अजगैबीनाथ मंदिर में पूजा करते हुए देवघर के लिए रवाना हो रहे हैं। इसमें शामिल होने के लिए कई राज्यों से कांवरिया ट्रेन से सुल्तानगंज पहुंचे। इसको देखते हुए स्टेशन पर कांवरियों के ठहरने के लिए जगह-जगह पानी पीने की व्यवस्था के अलावा हेल्प बूथ बनाया गया है।

**40 सीसीटीवी लगाए गए:** सुल्तानगंज RFP पोस्ट के इंस्पेक्टर फिरोज अख्तर के नेतृत्व में पूरी व्यवस्था की गई है। वहीं, भागलपुर स्टेशन पर भी सुरक्षा व भीड़ को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट भागलपुर के अधिकारी व जवान नजर बनाए हुए हैं। प्लेटफार्म से लेकर स्टेशन परिसर के पूरे एरिया की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए 40 सीसीटीवी लगाए गए हैं। साथ ही हावड़ा आसनसोल और मालदा डिवीजन से 100 से अधिक आरपीएफ के अधिकारी और जवान की तैनाती की गई है। वहीं, आरपीएफ यूनिट के 2 टीम भी ड्यूटी में बांटी गई है।

**शहर में भारी वाहन के प्रवेश पर रोक:** भारी वाहनों को शहर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। मालूम हो कि शहर के मनोकामनानाथ मंदिर, बुढ़ानाथ मंदिर शिव शक्ति मंदिर के अलावा आधा दर्जन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। इसके लिए जिला प्रशासन ने भारी वाहनों को शहर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई। इसके अलावा जगह-जगह पुलिस पदाधिकारी तैनात है।

ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। इसको लेकर जिला अधिकारी ने पहले से ही तैयारी पूरी कर ली थी। इधर, नवगछिया के महादेवपुर गंगा नदी के घाट पर हजारों श्रद्धालु जल भरने के लिए पहुंचे हैं। इसको लेकर नवगछिया प्रशासन की ओर से व्यवस्था कर ली गई थी।

दूसरी तरफ कहलगांव में भी श्रद्धालुओं की जत्था गंगा घाटों पर पहुंचे हुए। सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम गंगा स्नान करने पहुंचे स्वाति कश्यप ने बताया कि महादेव के प्रति आस्था है। हमलोग अपनी मनोकामना को मांगने के लिए पहुंचे हैं। महादेव जरूर हमलोगों की मनोकामना को पूरा करेंगे। वहीं, कई हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा जल भरकर देवघर के लिए रवाना हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी परीक्षा में पकड़े गए फर्जी अभ्यर्थी

**भागलपुर।** इंन्टरस्तरीय उर्दू बालिका उच्च विद्यालय असानंदपुर में बीपीएससी परीक्षा के दौरान एक मुन्नाभाई पकड़ा गया। विद्यालय की प्रचार्या डॉ . जीनत प्रवीण ने बताया कि आयोग के तरफ से फोन आया था। फिर हमलोगों ने आधार कार्ड और बायोमेट्रिक जांच का मिलान किए जो की मैच नहीं हुआ। अभ्यर्थी मुंगेर के रहने वाले हैं। जिसका नाम भक्ति प्रकाश कुंज है। फर्जी छात्र को विवि थाना के हवाले कर दिया गया है। वहीं हैप्पी स्कूल में बीपीएससी के एक शिक्षक अभ्यर्थी का सीट नंबर बदला गया था।

### कुपेश्वरनाथ मंदिर में 33 दिवसीय रूद्राभिषेक की हुई शुरुआत

**भागलपुर।** गुरु पूर्णिमा पर रविवार को शहर के कई मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डिक्शन रोड स्थित अद्भुत बजरंगबली मंदिर में गुरुचर्चा, पूजन, शिव चर्चा, भजन-कीर्तन तो कोतवाली चौक स्थित कुपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में 33 दिवसीय रूद्राभिषेक कार्यक्रम शुरू हो गया। मंदिर के पंडित विजयानंद शास्त्री ने बताया कि इस बार 67वां भेंट स्वरूप 33 दिनों तक चलने वाला रूद्राभिषेक में विकास शर्मा, गोविंद शर्मा, विमल चन्द्र झा, पंडित अक्षय झा, आशीष शर्मा, चंदन शर्मा सहित 11 पंडितों द्वारा किया जा रहा है। शास्त्री ने कहा कि अन्य पूर्णिमा से गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। पुराणों के रचियता महर्षि वेद व्यास की जयंती भी गुरु पूर्णिमा के दिन ही है।

### आयुर्वेद कॉलेज में सात डॉक्टर तैनात

**भागलपुर।** नाथनगर स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय में सात चिकित्सकों की तैनाती हुई है। सीएस डॉ. अशोक कुमार ने चिकित्सकों को कॉलेज के प्राचार्य के यहां योगदान देने का निर्देश दिया है। जिसमें श्री यतींद्र नारायण अष्टांग आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योति कुमार, डॉ. मुरारी शर्मा, डॉ. कुमार भास्कर, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. श्वेता पांडेय की तैनाती हुई है। सीएस ने सदर अस्पताल व अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया को एक-एक आयुष फिजिशियन मिले हैं। सदर अस्पताल में डॉ. उमेश कुमार शर्मा व अनुमंडलीय अस्पताल में डॉ. कुमारी प्रिया की तैनाती हुई है। अनुमंडलीय अस्पताल कहलगांव में होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार व नवगछिया में डॉ. देवेंद्र प्रसाद दास की तैनाती हुई। सदर अस्पताल में यूनानी विधा के डॉक्टर (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी) के रूप में डॉ. अंसार आलम को जिम्मेदारी मिली है।

### फोन पर परेशान करने का विरोध किया तो पीटा

**मुंगेर।** ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के कब्रगाह रोड में रविवार की सुबह आपसी विवाद में दो लोगों को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया। घायल कब्रगाह रोड निवासी ने बताया कि शंभू राम का पुत्र पृथ्वी कुमार उसकी नाबालिग बहन को फोन पर परेशान कर रहा था। मना करने पर रविवार की सुबह शंभू राम और पृथ्वी कुमार सहित उसके परिवार के अन्य लोग घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें वह और उसके चाचा घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिये पहले जमालपुर पीएचसी ले जाया गया, जहां से दोनों को मुंगेर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पृथ्वी को बचाना है तो हर व्यक्ति को एक पौधा लगाना होगा

**भागलपुर।** आनंद पब्लिक आवासीय विद्यालय और लायंस क्लब ऑफ भागलपुर ऑफ रॉयल ने एक पौधा देश के नाम और जनजीवन हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत अलग-अलग तरह के पौधे लगाए गए। जिनमें महोगनी ,अशोक,पीपल, शरीफा ,जामुन, सांगवान के वृक्ष थे। प्राचार्य नवज्योति रंजन वर्मा ने कहा कि जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। उससे जीवन बहुत कठिन होने वाला है। कई तरह की बीमारियां हावी हो रही है। यदि पृथ्वी को बचाना है तो हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाने होंगे। मौके पर विद्यालय के छात्र, डायरेक्टर इंजीनियर आर प्रकाश ,प्राचार्य नवज्योति रंजन वर्मा, सिस्टम मैनेजर मयूर आनंद, शिक्षक संतोष कुमार,सुजाता सिंह, कुश कुमार,अमित कुमार, लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल के जिला मार्केटिंग ऑफिसर लायन अविनाश शाह,पूर्व जिला पाल अनुपम सिंघानिया ,क्लब अध्यक्ष गौरव बंसल ,जोन चेयरपर्सन प्रशांत सुचंती, क्लब के सचिव प्रशांत गुप्ता,विक्की खेतान, विनीत अग्रवाल, वैभव बजाज,अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### गुरु के प्रति भक्ति मन से नहीं, हृदय से होती है सिद्ध : निरंजनानंद सरस्वती

**मुंगेर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सन्यास पीठ पादुका दर्शन आश्रम में रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। वाराणसी से आए आचार्यों के मंत्र पाठ के साथ परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने गुरु पादुका अभिषेक और पूजन संपन्न किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव की आराधना के रूप में रुद्राभिषेक किया गया। पादुका पूजन के पश्चात हवन संपन्न किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पादुका पूजन परिक्रमा किया। अपने गुरु पूर्णिमा संदेश में स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने कहा कि आज का दिन ब्रह्मविद्या गुरुओं को समर्पित है।

# वीसी को खींचने का प्रयास बॉडीगार्ड की वर्दी भी फाड़ी



निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू में गुरु-शिष्य परंपरा फिर तार-तार हो गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं और एमएएम कॉलेज नवगछिया की छात्राओं ने टीएमबीयू के सीनेट हॉल को रणक्षेत्र बना दिया और कुलपति पर हमले की कोशिश की गई। गुरु-शिष्य परंपरा पर विवि की ओर से रविवार को आयोजित कार्यक्रम में माइक गिरा दी गई और मंच पर बैठे कुलपति प्रो. जवाहर लाल को खींचने का प्रयास किया गया। उनके बॉडीगार्ड की वर्दी फाड़ दी। सुरक्षा कर्मियों से धक्का-मुक्की की। स्थिति बेकाबू होती देख पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर डंडे बरसाए और हंगामा कर रही छात्राओं को उठाकर ले गई। पुलिस ने एक दर्जन छात्र-छात्राओं को हिरासत में लिया है। विवि पुलिस ने टीएमबीयू प्रॉक्टर के आवेदन पर हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं पर केस दर्ज किया है। कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कुलपति दो बार हमले की कोशिश की। कुलपति जब मंच पर थे तब कुछ कार्यकर्ता उनकी ओर झपटे, लेकिन कुलपति के बॉडीगार्ड और विवि के सुरक्षाकर्मी बीच में आ गए और लड़कों को रोका। इसी बीच बॉडीगार्ड ने एक कार्यकर्ता को मंच से धक्का दिया। इससे तिलमिलाए बाकी कार्यकर्ता बॉडीगार्ड और अन्य सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए। इस दौरान बॉडीगार्ड की वर्दी फाड़ दी। हालांकि छात्रों ने भी बॉडीगार्ड पर हमला करने का आरोप लगाया। कुछ देर के बाद कार्यकर्ता फिर कुलपति का हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास करने लगे।

# 20 साल बाद रेडक्रॉस की जिला शाखा का चुनाव, 54.6 प्रतिशत हुआ मतदान




निज संवाददाता। मुंगेर

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला इकाई की नई कार्यकारिणी चुनाव के लिए रविवार को मतदान किया गया। 20 वर्ष बाद हुए इस चुनाव को लेकर शुरु से ही ऊहापोह कि स्थिति बनी हुई थी और उम्मीदवारों को भी डर था कि कहीं चुनाव में पूर्व की तरह फिर कोई अड़ंगा न लग जाए। बावजूद सभी समस्याओं को दूर करते हुए आखिरकार रविवार को मतदान की प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई। चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदान केंद्र पर प्रशासनिक पदाधिकारियों की देखरेख में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ मतदान बिना किसी शोर-शराबा के शाम 4 बजे तक चला। मतदान के दौरान रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रत्येक मतदाताओं की तरह उन्होंने भी अपने पसंद के कुल 21 वोट डाले। मतदाता के वेरिफाई के लिए तीन सदस्यों की कमेटी गठित हुई है। तीन सदस्यीय कमेटी में शामिल अशोक शंकर सिंह, अंजू भारद्वाज व नीरज कुमार सिन्हा द्वारा सभी मतदाताओं का आधार कार्ड सहित अन्य परिचय-पत्र का पूरी तरह मिलान करने के बाद उस मतदाता का फोटोग्राफी व विडियोग्राफी हुई, फिर मतदाता ने संबंधित टेबुल संख्या पर जाकर मतपत्र प्राप्त कर संबंधित टेबुल संख्या पर अपने मत का प्रयोग किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा
E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

[ PR 329453 Road(24-25)#D ]

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत प्रकाशित निविदा **Improvement of Riding Quality work of Ketar-Razi Road (total Length- 24.350 km.) under Road Division, Garhwa** जिसका **e-Tender Reference No.** RCD/ GARHWA/884/2024-25 दिनांक 11.07.2024 में क्रमांक 4 एवं 5 में उल्लेखित तिथि को निम्नवत् संशोधित किया जाता है–

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 06-08-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 25-07-2024, 10.30 A.M. |

अन्य सभी यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 330240 Road(24-25).D

## गुरु-शिष्य संबंध व्यवसायिक नहीं ये भावनात्मक होते हैं : डॉ. अशोक

**मुंगेर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को जमालपुर कॉलेज जमालपुर के एनएसएस इकाई द्वारा राजभवन द्वारा निर्देशित कार्यक्रम गुरु शिष्य परंपरा विषय के आलोक में गुरु शिष्य परंपरा और वर्तमान शिक्षा विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अशोक कुमार पोद्दार ने की। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस पीओ डॉ चन्दन कुमार ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत से किया गया। इस मौके पर डॉ चन्दन कुमार ने कहा गुरु पूर्णिमा का यह अवसर बुद्ध के द्वारा उनके पांच अनुयायियों को सारनाथ में दिए पहले उपदेश के कारण याद किया जाता है। कार्य, कारण, सिद्धांत पर आधारित मध्यम मार्ग की पहली अवधारणा ने विश्व को प्रभावित किया था। जिस कारण भारत विश्वगुरू कहलाया था। आज की वर्तमान शिक्षा भी प्रयोगधर्मी है।

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पत्रांक 808 / न0प0, दिनांक 22.07.2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–12.07.2024 एवं 13.07.2024 को नगर परिषद् बाजार की बन्दोबस्ती हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित आम सूचना में किसी भी डाकवक्ता के द्वारा भाग नही लेने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–29.07.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–30.07.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 14,95,000.00 | 1,49,500.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–29.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 330263 (Urban Development) 24-25 (D)

झारखण्ड सरकार
कार्यालय– कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, गढ़वा।

(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)
किसान समृद्वि योजना के तहत कृषकों से आवेदन पत्रों की मांग।

योजना की विशेषताएं, नियम एवं शर्तेः–

1. यह योजना सौर ऊर्जा द्वारा संचालित पम्पसेट आधारित उद्वह सिंचाई योजना है।
2. इा योजना के तहत 2 HP एवं 5HP सौर पम्पसेट का वितरण 90 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।
3. इस योजना का लाभ व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह JSLPS/FPO/LAMPS/PACS के सदस्य को दिया जाना है।
4. आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदित कराकर संबंधित प्रखण्ड तकनीकी सूचना केन्द्र/संबंधित प्रखण्ड कार्यालय/परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा में प्रत्येक कार्य दिवस में जमा किया जायेगा एवं
5. प्राप्त आवेदन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल में ऑनलाईन किया जायेगा।
6. गढ़वा जिले को लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई है लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत लाभुकों की संख्या अधिक होने पर प्रखण्डवार पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चयन किया जायेगा।
7. लाभुक कृषक को Escrow Account खोलना होगा एवं 10 प्रतिशत कृषक अंशदान Escrow Account में जमा करने के पश्चात 90 प्रतिशत अनुदान की राशि जमा की जायेगी।
8. सोलर सिंचाई आपूर्तिकर्त्ता द्वारा GPS Monitoring के द्वारा किया जायेगा एवं 5 वर्ष तक रख–रखाव करेगी।
9. योजना का लाभ एक व्यक्तिगत लाभुक की स्थिति में एक बार एवं समूह की स्थिति में कम से कम 5 वर्ष तक नहीं दिया जायेगा।
10. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए एवं एक परिवार से एक ही सदस्य लाभुक होंगे। आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
11. इस योजना का लाभ बटाईदार किसान, अगर कोई किसान या परिवार में कोई संवैधानिक पद पर हो राज्य एवं केन्द्र सरकार के साथ साथ PSU और सरकारी स्वायत्त निकायों के सेवारत या सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी, डॉक्टर, ईंजीनियर, CA, आर्किटेक्टस और वकील एवं सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर) इस योजना के लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे।
12. ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन नजदीकी CSC में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
13. पूर्व में इस योजना के समानर्थी लाभान्वित किसान इस योजना के पात्र नहीं होंगा।
14. विशेष जानकारी हेतु आत्मा, कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कला, गढ़वा से समपर्क किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र– www.atmagarhwa.org से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 330334 Agriculture(24-25)D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड
(उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा
(संयुक्त कृषि भवन, गढ़वा प्रथम तल पिपराकलां)

आवेदन आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय राज्यादेश सं0 40 रॉंची दिनांक 16-07-2024 द्वारा प्राप्त भौतिक लक्ष्य के आलोक में राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत उप योजना उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्य अवयव का सफल क्रियान्वयन किये जाने के उद्देश्य से कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयववार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वंय सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति/सखी मंडल जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन मुखिया/जन प्रतिनिधि एवं संबंधित प्रखण्ड के बी.टी.एम/ए.टी.एम./उद्यान मित्र से अनुशंसा कराकर 04-08-2024 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय जिला उद्यान गढ़वा में जमा कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु विवरणी निम्न प्रकार है–

| क्रं0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य | | कुल भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP | SCSP | | |
| 1 | बागवान/उद्यान मित्र/कृषक को 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 300 सं0 | 80 सं0 | 380 सं0 | विभाग द्वारा चयनित बागवान/उद्यान मित्र/कृषकों को 5 दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 15 सं0 | 4 सं0 | 19 सं0 | विभाग द्वारा चयनित कृषकों को 25 दिवसीय माली का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। |
| 3 | मिर्चा की खेती | 25 हे0 | 10 हे0 | 35 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 4 | ओल की खेती | 25 हे0 | 10 हे0 | 35 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.40 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 5 | अदरख की खेती | 15 हे0 | 6 हे0 | 21 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 16 इकाई | 4 इकाई | 20 इकाई | चयनित लाभुकों को 75 प्रतिशत अुनदान पर आधारभूत संरचानाओं का अधिष्ठापन कराया जायेगा। |
| 7 | खुले वातावरण में फुलों की खेती | 40 हे0 | 10 हे0 | 50 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पौध/कंद सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 8 | टिषुकल्चर केला की खेती | 10 हे0 | 2 हे0 | 12 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.60 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 25 इकाई | 10 इकाई | 35 इकाई | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा पौध एवं INM/IPM निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 10 | सब्जी की तकनीकी खेती का प्रत्यक्षण | 200 हे0 | 80 हे0 | 280 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.10 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 11 | मशरूम कीट वितरण (इकाई में) | 2490 सं0 | 900 सं0 | 3390 सं0 | इस योजना अंतर्गत अति निम्न वर्गीय SC/ST एवं अन्य गरीबी रेखा BPL से निचे गुजर बसर करने वाले भूमिहीन लोगों को निःशुल्क योजना से लाभान्वित किया जाएगा। |
| 12 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 83 सं0 | 30 सं0 | 113 सं0 | क्रमांक 11 अंतर्गत चयनित लाभुकों को निःषुल्क 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। |
| 13 | पपीता की खेती (प्रति पौधा 5 रू0) | 15000 सं0 | 5000 सं0 | 20000 सं0 | कृषकों के द्वारा स्वंय पौध रोपन के पश्चात् 5 रूपये प्रति पौध की राशि का भुगतान किया जायेगा। |
| 14 | टिशुकल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 10 हे0 | 5 हे0 | 15 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पौध सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 15 | गुणवत्तायुक्त फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) | 20 सं0 | 10 सं0 | 30 सं0 | चयनित लाभुकों को 75 प्रतिशत अुनदान पर सैंपलिंग नर्सरी की सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। |

नोटः– आवेदन साथ संलग्न कागजात निम्न प्रकार है।
1. आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटों।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. अद्यतन भू–लगान रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन पत्र में मुखिया/जन प्रतिनिधि एवं संबंधित प्रखण्ड के बी.टी.एम/ए.टी.एम./उद्यान मित्र का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
6. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ होना चाहिए अधूरा भरा हुआ आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
7. लाभुकों के चयन में दोहरीकरण नहीं करते हुए नये ग्राम/पंचायतों के नये कृषकों का चयन किया जाएगा।
8. पूर्व के लाभुकों को वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के कार्यान्वयन हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
9. कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई का लाभ वैसे कृषकों को दिया जाएगा जिसके पास जमीन का कागजात के संदर्भ में भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र अथवा चेक स्लिप अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत हो।
10. गृह वाटिका का लाभ वैसे कृषकों को दिया जाएगा जिसके घर के समीप न्यूनतम 25 डिसमील भूमि खाली हो तथा सिंचाई योग्य प्राप्त पानी की सुविधा हो।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 330323 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

# डीएम ने किया राजस्व, म्यूटेशन, जमाबंदी, परिमार्जन, पेयजल की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता



**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में राजस्व, म्यूटेशन, जमाबंदी, परिमार्जन, पेयजल, पंचायत सरकार भवन का निर्माण, भूमिहीन और भवनहीन विद्यालय, लोक शिकायत निवारण, भूअर्जन आदि से संबंधित आंतरिक संसाधन के मामलों पर महत्वपूर्ण बैठक हुई। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियो को निर्देशित किया कि दो सप्ताह के अंदर म्यूटेशन से संबंधित सभी लंबित मामलों को समाप्त करें। जमाबंदी जो ऑनलाईन होता है, उन सब को मैनूअल रिकॉर्ड में भी अवश्य सुरक्षित रखें। अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आवास विहीन लोगों के लिए जमीन चिन्हित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से बड़ी-बड़ी योजनाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने सबसे पहले उद्योग विभाग के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। महा प्रबंधक उद्योग विभाग के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजनाओं के अंतर्गत निम्न वर्गों को लाभ दिया जाता है जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति योजना/ अति पिछड़ा वर्ग/ महिला/ युवा एवं अल्पसंख्यक शामिल हैं तथा इनके बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा नगर परिषद नवादा को निर्देश दिया गया कि वह शहरी क्षेत्र में साफ सफाई कराएं। शहरी क्षेत्र में शौचालय की समुचित व्यवस्था करें। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला को देखते हुए सद्भावना चौक पर पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था करें ताकि बाहर से आने वाले कांवरियों को इस जिले में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, इसलिए जल्द से जल्द शौचालय एवं पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर परिषद हिसुआ, वारसलीगंज, एवं रजौली के अंतर्गत भी पेयजल, शौचालय एवं नगर की साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि हर पंचायत में खेल का मैदान बनना जरूरी है इसलिए सभी अंचलाधिकारी को जमीन चिन्हित कर प्रतिवेदन देने को कहा गया ताकि जल्द से जल्द हर पंचायत में खेल का मैदान बनाया जा सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ई शिक्षा कोष पोर्टल पर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराएं। जीरो उपस्थिथि वाले स्कूलों के शिक्षकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों में चल रहे योजनाओं की सूची अद्यतन कर बैठक में लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में बिजली और पेयजल की बड़ी समस्या है। बिजली के लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को कहा गया कि नल जल योजना की सुविधा सभी टोलों और गांवों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीसीएलआर, गोपनीय प्रभारी, वरीय उपसमाहर्त्ता, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# आसमान की ओर टकटकी लगाये हैं किसान

निज संवाददाता

**नवादा**। जुलाई में अबतक 261 एमएम के विरुद्ध 235 एमएम हुई बारिश नवादा जिले में अषाढ़ मास की समाप्ति व श्रावण माह के प्रवेश के बावजूद किसान आसमान की ओर टकटकी लगाये हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। ऐसा अबतक पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होने व भूगर्भीय जलस्तर में बृद्धि नहीं होने के कारण हो रहा है। जिले में सामान्य बर्षापात 261.60 mm के विरुद्ध वास्तविक वर्षापात 235.5mm दर्ज की गयी है। फसल अच्छादन अंतर्गत धान बिचड़े का शत प्रतिशत आच्छादन कर लिया गया है। धान रोपनी 1132 हेक्टेयर में मक्का 588.46 हे०, मडुवा 137.8 हे० दलहन 871.34 हे०, तेलहन 173.27 हेक्टेयर में आच्छादन हो चुका है एवं आच्छादन जारी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभुक किसान का भौतिक सत्यापन एवं ई केवाईसी किया जा रहा है। कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत 637 कृषि यंत्रों का स्वीकृति आदेश जारी किया गया है जिसमें 382 किसानों के द्वारा यंत्र का क्रय किया जा चुका है। जिले में कुल 13100 मिट्टी के नमूने की जांच की जानी है जिसके विरुद्ध 3060 मिट्टी नमूने की जांच की जा चुकी है शेष नमूनों का विश्लेषण जारी है तथा यह सितंबर माह तक पूर्ण हो जाएगा। आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत काशीचक एवं पकरीबरमा में 1489 मिट्टी के नमूने जांच किये जाने थे जो शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। उद्यान विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि सोमवार से आम और केले के पौधों का लक्ष्य के अनुसार आवेदक किसानों के बीच वितरण किया जाएगा एवं जिले में पहली बार 800 नारियल के पौधों का वितरण करने का लक्ष्य है जिसके लिए आवेदन लिया जा रहा है। पौध संरक्षण अंतर्गत 42 पौध संरक्षण पाठशाला चलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसे संचालित करने हेतु किसानों का चयन किया जा रहा है।

# गायब युवती को पुलिस ने हिसुआ से किया बरामद



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत अंतर्गत गढ़ दिबौर गांव से एक गायब युवती को एसआई नूर आलम ने रविवार की रात्रि को हिसुआ से बरामद किया है। बताया जाता है कि युवती को बीते 12 जुलाई को शादी की नियत से गांव के ही एक युवक ने अपहृत कर लिया था। नाबालिग युवती के अपहरण को लेकर लेकर ने पीड़ित नानी ने थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दिए आवेदन में बताया गया कि 12 जुलाई के दिन लगभग 2:30 बजे मेरी नतिनी खनपुरा स्थित अपने मां के घर जाने के नाम पर घर से निकली, किन्तु वह खनपुरा नहीं गई। जिसके बाद काफी खोजबीन की जाने लगी, तो पता चला कि गांव के पास का ही एक युवक शादी की नियत से बहला-फुसलाकर लेकर चला गया है। नाबालिग युवती के शादी की नियत से अपहरण को लेकर 15 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु लिखित आवेदन थाना को दिया गया। साथ ही युवती के बरामदगी एवं दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस नाबालिग युवती के बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आलोक में हिसुआ से अपहृत युवती को बरामद कर लिया गया है। साथ ही बताया कि अपहृत युवती के कोर्ट में ब्यान दर्ज कराने को लेकर नवादा भेजा गया है।

# दबंगों ने पुजारी परिवार के साथ किया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नवादा (नि.सं.)**। जमीनी विवाद को लेकर एक पुजारी के परिवार के साथ दबंगों ने मारपीट किया है, जिसमें महिला समेत कई लोग जख्मी हो गए हैं। घटना का लिखित रूप से स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया गया है। यह पुरा मामला जिले नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी पाली ग्राम का है,जहां एक पुजारी (ब्राह्मण) परिवार के साथ गांव के हीं कुछ दबंग लोगों ने मारपीट एवं धमकी दिया है। घटना के बाद पुरा परिवार डरे सहमे हैं और लिखित रूप से सूचना नरहट थाना को दिया है। जिसमें 252/24 कांड संख्या दर्ज किया गया। आवेदन में छोटी पाली निवासी ब्रह्मण मनोज गिरी ने बताया कि 21 जुलाई को समय 10 बजे दिन में छोटी पाली निवासी पंकज कुमार पिता आनंदी सिंह, सुधीर सिंह पिता त्रिवेणी सिंह, शिवदानी सिंह पिता स्व. बाढो सिंह,परशुराम सिंह, बसंत सिंह पिता स्व. लालदेव सिंह,कुणाल सिंह पिता बसंत सिंह, टुनटुन सिंह पिता संजय सिंह, नरेश सिंह पिता स्व. लखन सिंह,उमेश सिंह पिता सौदी सिंह एवं लगभग 10 अज्ञात लोगों ने हमारे पैतृक जमीन पर आकर कब्ज़ा कर रहे थे । हमलोग जब आकर पूछा तो बिना कुछ बताए, मुझे एवं हमारे पत्नी दिप्ति देवी एवं रंजू देवी , हमारे पुत्र कन्हैया गिरी, कश्यप गिरी, केशव गिरी एवं मेरे भतीजा अमरनाथ गिरी, मोहित गिरी,मनीष गिरि से उलझ गया और गली-गलौज के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगा। दीप्ती देवी ने बताया कि पंकज सिंह मुझे मारा, तो सिर फट गया तथा उमेश सिंह एवं दो चार लोग मिलकर मेरा कपड़ा भी फाड़ दिया।

# डायवर्सन हटाने को लेकर सीओ को दिया आवेदन

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर सरौनी मौजा अंतर्गत जोगाचक गांव के मुख्य पईन की भूमि पर अवैध ढंग से बनाए गए डायवर्सन को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को सीओ को आवेदन दिया है। किसान सह राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर सीओ को कहा है कि पूर्व में भी 25 जून को उक्त डायवर्सन हटाने के लिए आवेदन दिया गया था, परंतु आज तक नहीं हटाया गया। जिससे किसानों को क्षति हो रही है। सीओ को दिए गए आवेदन में किसानों ने कहा कि यदि 25 जुलाई तक डायवर्सन नहीं हटाया गया तो 26 जुलाई को बाध्य होकर रोह-रूपौ पथ पर सड़क जाम कर आवागमन ठप कर दिया जाएगा।

# नालंदा सांसद ने लोकसभा में राजगीर से कोलकता के लिये ट्रेन चलाने की किया मांग

निज संवाददाता




**नालंदा**। के सांसद, कौशलेन्द्र कुमार ने आज शून्यकाल के दौरान कहा कि (53043/44) हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर ट्रेन राजगीर से हावड़ा के लिए चलती थी, किन्तु कोरोनाकाल से बंद है। इस फास्ट पैसेंजर ट्रेन से बड़ी संख्या में बौद्धिष्ट, जैन धर्म के अनुयायी, तीर्थयात्री और सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। महोदय, श्रावणी मेला शुरू हो गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र, नालंदा और इसके आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी ट्रेन से देवघर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं। इस गाड़ी के परिचालन के बंद होने के कारण श्रद्धालुओं और सैलानियों को बहुत परेशानी हो रही है। अतः मेरी मांग है कि हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर ट्रेन को पुनः चालू किया जाये। इसके अतिरिक्त (12391/92) श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव पावापुरी और सिलाव स्टेशन पर किया जाये, जिसे कोविड-19 के समय में बंद किया गया था, जबकि यहाँ श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव पहले से था। मेमू ट्रेन 03629/30) दानापुर से तिलैया कोरोनाकाल से पहले सेक्शन के सभी हाल्टों पर रुकती थी, परन्तु कोरोनाकाल में हाल्टों पर ठहराव बंद कर दिया गया, जिसके कारण वहाँ के स्थानीय पैसेंजरों को बहुत परेशानी हो रही है। अतः दानापुर से तिलैया मेमू ट्रेन को सभी हाल्टों पर रोका जाये। राजगीर से फतुहा वाया बिहार शरीफ, चण्डी, रुखाई, दनियावां मेमू ट्रेन को पटना या दानापुर तक विस्तारित किया जाये। उन्होंने कहा कि महोदय, मेरी इन सभी उपरोक्त माँगों को मैं मा.मंत्री जी को पत्रों के द्वारा एवं सदन के माध्यम से मा. रेलमंत्री जी का बार-बार ध्यान आकृष्ट करता आ रहा हूँ। अतः आपके माध्यम से मेरी मा.रेलमंत्री जी पुनः मांग होगी कि जल्द से जल्द इस पर कार्यवाई किया जाये।

# रिक्शा चालक कर बालू का उठाव

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के पूर्व उप सरपंच सह मिर्चायगंज निवासी विनय कुमार ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी किया है। कहा गया है कि नारदीगंज में नदी बालू घाट से ट्रैक्टर समेत बड़ी वाहनों से जब गलत तरीके से बालू का उठाव किया जाता है, तो बालू चोरी की बात कही जाती है, और उसपर कार्रवाई भी किया जाता है। वाहनों से गलत तरीके से बालू का उठाव होने पर कार्रवाई होना जायज है। लेकिन यहां सबसे बड़ी प्रश्न है कि रिक्शा चालकों के माध्यम से रिक्शा पर नदी घाटों से गलत तरीके से बालू का उठाव होने पर आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो पाता है जबकि आये दिन नारदीगंज में नदी बालू घाटों से रिक्शा चालकों के माध्यम से गलत तरीके से बालू का उठाव कर बिक्री की जाती है। रिक्शा चालक अपने रिक्शा पर बालू की कई बोरियों को रखकर नदी घाट से ले जाते हैं, और बाजार में बिक्री कर रहे हैं, इस धंधे में कई रिक्शा चालक लगे हुए हैं।

# गंगोत्री का गंगा जल घर घर पहुंचाने की योजना शुरू : डाक अधीक्षक

निज संवाददाता



**नवादा**। प्रथम सोमवारी के दौरान नवादा के हर एक मंदिर में गंगाजल का स्पेशल काउंटर लगाया गया था ताकि शिव भक्तों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो और लोगों ने इसकी जम की सराहना की डाक विभाग से सभी ने कहा कि आप लोग हमारे हर सुख और दुख में शामिल होते हैं चाहे वह गंगाजल हो राखी हो सुकन्या समृद्धि की योजना हो लोगों ने इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारियों को ढेर सारी शुभकामना भी दिया मां गंगा की भी धरती पर आने की एक अद्भुत सच्चाई है जिसे राजा भगीरथ ने पूरा करने में मदद की थी भागीरथ एक प्रतापी राजा थे। उन्होंने अपने पूर्वजों को जीवन-मरण के दोष से मुक्त करने के लिए गंगा को पृथ्वी पर लाने की ठानी। उन्होंने कठोर तपस्या आरम्भ की। गंगा उनकी तपस्या से प्रसन्न हुईं तथा स्वर्ग से पृथ्वी पर आने के लिए तैयार हो गईं। पर उन्होंने भागीरथ से कहा कि यदि वे सीधे स्वर्ग से पृथ्वी पर गिरेंगीं तो पृथ्वी उनका वेग सहन नहीं कर पाएगी और रसातल में चली जाएगी।गंगा जैसे ही स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरने लगीं गंगा का गर्व दूर करने के लिए शिव ने उन्हें जटाओं में कैद कर लिया। वह छटपटाने लगी और शिव से माफी मांगी। तब शिव ने उसे जटा से एक छोटे से पोखर में छोड़ दिया, जहां से गंगा सात धाराओं में प्रवाहित हुईं। यह सुनकर भागीरथ सोच में पड़ गए। गंगा को यह अभिमान था कि कोई उसका वेग सहन नहीं कर सकता। तब उन्होंने भगवान भोलेनाथ की उपासना शुरू कर दी। संसार के दुखों को हरने वाले शिव शम्भू प्रसन्न हुए और भागीरथ से वर मांगने को कहा। भागीरथ ने अपना सब मनोरथ उनसे कह दिया। चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि डाकघर के द्वारा पूरे सावन मास में सभी शिवालय मंदिरों में स्पेशल काउंटर लगाया जाएगा और सभी कर्मचारियों एवं इससे लगे लोगों में काफी उत्साह है इस मौके पर सहायक डाक अधीक्षक शंभू प्रसाद निरीक्षक रामाशीष कुमार डाक निरीक्षक राहुल कुमार मुकेश कुमार अरविंद कुमार मनीष कुमार एवं तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी लगे हुए थे।

# सात दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, ग्रामीण महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखंड में हैंड इन हैंड इंडिया एवं बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड के सौजन्य से चलाए जा रहे सात दिवसीय चूड़ी एवं एलईडी बल्ब प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को किया गया। ग्रामीण महिलाओं के आजीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से दिनांक 16 जून से 22 जून तक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इन कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला में जोगियामारन पंचायत अंतर्गत सतगीर एवं हरैयाकोला गांव की 50 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला में ग्रामीण महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के चूड़ी एवं बाला को बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया साथ ही साथ एलईडी बल्ब की प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने एलईडी बल्ब इंस्टॉलेशन और मरम्मत का काम भी सीखा। इस अवसर पर कार्यक्रम संस्था के महाप्रबंधक रवि रंजन एवं परियोजना प्रबंधक निलेश कुमार द्वारा परिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाकर पूरे समाज को सशक्त किया जा सकता है, उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिला स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद प्रशिक्षण समन्वयक अरुण कुमार ने बताया की संस्था आने वाले एक वर्षों में 600 से अधिक महिलाओं के लिए कुल बारह प्रकार के निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मोबाइल रिपेयरिंग,टोटो ड्राइविंग, मशरूम उत्पादन, अगरबत्ती उत्पादन एवं बांस कला शिल्प जैसे कार्यशाला शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशला मे अपने सात दिनों के अनुभव को साझा किया एवं संस्था को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया।मौके पर प्रशिक्षक अनिल कुमार व आसिफ राजा, संतोष कुमार, आनंदी कुमार, सुमित्रा कुमारी एवं रितेश कुमार मौजूद रहे।

# 24 जुलाई को आयोजित होगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा। आयोजित शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के निर्देशानुसार हो रहा है। यह शिविर आगामी 24 जुलाई 2024 यानि बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनर समाज के लोगों निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया जायेगा। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार शिविर में आये पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच करेंगे। यह जानकारी पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दिया।

# अमांवा इंटर विद्यालय में हुआ बड़ा घोटाला आरटीआई एक्टिविस्ट बिन्दा प्रसाद निराला

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखंड क्षेत्र के अमांवा इंटर विद्यालय में बड़े घोटाले की आशंका है। ऐसा आरटीआई के तहत बिन्दा प्रसाद निराला द्वारा मांगी गयी सूचना के तहत उपलब्ध कराये गये, दस्तावेज से प्रमाणित हो रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल है क्या इसकी जांच होगी एवं क्या दोषी से राशि की वसूली की जा सकेगी। प्रधानाध्यापक इंटर विद्यालय अमांवा द्वारा उपलब्ध कराए गए सूचना से प्रतीत होता है कि पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के द्वारा करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। सूचना के अधिकार के तहत निराला द्वारा दिनांक 15 जून 2024 को वित्तीय वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक प्रबंध करिणी समिति की छाया प्रति, छात्र कोष एवं विकास कोष में जमा एवं खर्च से संबंधित सूचना वित्तीय वर्ष 2011-12 से लेकर 2017-18 तक की मांग की थी। सूचना उपलब्ध नहीं करने पर दिनांक 17 जून 2024 को जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला के पास प्रथम अपील दायर किया गया था।जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रथम अपील पर सुनवाई करते हुए सूचना उपलब्ध कराने का आदेश 12 जुलाई 2024 को प्रधानाध्यापक इंटर विद्यालय अमाऊ को दिया था। इंटर विद्यालय अमांवा द्वारा जो सूचना उपलब्ध कराया गया, वह करोड़ों रुपया का बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रति एवं 2017-18 का प्रबंध कारणी समिति बैठक की छाया प्रति है। प्रधानाध्यापक द्वारा कहा गया कि पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार द्वारा करोड़ों रुपया खर्च से संबंधित कोई हिसाब नहीं मिला है। साथ ही वर्ष 2017-18 के पहले का प्रबंध कारणी समिति पंजी मुझे प्रभार में नहीं मिला है। इससे साफ प्रतीत होता है कि बैंक स्टेटमेंट के अनुसार राशि आई और खर्च भी हुई लेकिन खर्च का कोई विवरण प्रभार में इन्हें नहीं मिला और ना तो प्रबंध कारणी समिति की बैठक पंजी मिला, जिसके आधार पर राशि खर्च किया जाता है। पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के द्वारा करोड़ों रुपया राशि का गवन किया गया है। जिसे छिपाने के लिए विद्यालय के रिकॉर्ड को गायब कर दिया गया है। जिसकी जांच की आवश्यकता है।

# केवाली पंचायत में राजस्व कैम्प का किया गया आयोजन

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)**। नवादा डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के आदेश पर विभिन्न प्रकार के राजस्व कार्यों के त्वरित निष्पादन को लेकर 22 जुलाई से 03 अगस्त तक सभी राजस्व हल्कों में राजस्व कैम्प का आयोजन करने का आदेश प्राप्त है एवं कैम्प में ही राजस्व सम्बंधित आधार सीडिंग, राजस्व लगान वसूली, एलपीसी, ऑनलाइन दाखिलखारीज, परिमार्जन, ई-मापी, भूअतिक्रमण, भूमि विवाद समेत अन्य कार्यों के निष्पादन करना है। इसी कड़ी में सोमवार को केवाली हल्का में प्रभारी राजस्व अधिकारी सह राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार की देख-रेख में राजस्व कैम्प आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश पर 23 जुलाई को कौआकोल, 24 जुलाई को खड़सारी, 25 जुलाई को छबैल, 26 जुलाई को सोखोदेवरा एवं दरावां, 27 जुलाई को देवनगढ़, 29 जुलाई को नावाडीह, 30 जुलाई को पहाड़पुर एवं सरौनी, 31 जुलाई को पाण्डेयगंगौट, 01 अगस्त को पाली एवं लालपुर, 02 अगस्त को मंझिला तथा 03 अगस्त को महुडर हल्का में राजस्व कैम्प का आयोजन कर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कैम्प का लाभ उठाने की अपील किया है।

# बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों के साथ की बैठक

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में सोमवार को बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की गई। आयोजित बैठक में सीओ मनीष कुमार, एमओ राजीव कुमार समेत प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, स्वच्छता समन्वयक, स्वच्छता पर्यवेक्षक समेत मनरेगा के जेई, पंचायती राज विभाग के तकनीकी सहायक के अलावे अन्य कर्मी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से आयुष्मान भारत, पीएम जन आरोग्य योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित स्वच्छ्ता को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड को लेकर चर्चा किया गया।

# मलेरिया प्रभावित गांवों में शुरू हुआ डीडीटी छिड़काव कार्य

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)**। कौआकोल प्रखण्ड में मलेरिया रोग के खात्मे को लेकर जिला मलेरिया विभाग द्वारा पहल शुरु कर दी गई है। जिसके तहत सोमवार से प्रखण्ड के विभिन्न मलेरिया प्रभावित गांवों में डीडीटी छिड़काव कार्य शुरू किया गया। सोमवार को ही सोखोदेवरा आश्रम से डीडीटी छिड़काव दल के कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर मलेरिया प्रभावित विभिन्न गांवों में डीडीटी छिड़काव के लिए रवाना किया गया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लेखपाल इंद्रजीत कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने हरी झंडी दिखाकर छिड़काव दल के कर्मियों को रवाना किया। स्थानीय पर्यवेक्षक सह पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि कौआकोल प्रखण्ड में शुरुआती दो चरणों में 30 सितम्बर तक छिड़काव कार्य कराया जाएगा। छिड़काव दल में 3 श्रेष्ठ क्षेत्रीय कार्यकर्ता समेत कुल 18 कर्मियों को शामिल किया गया है। जो विभिन्न चिन्हित गांवों में घर-घर जाकर डीडीटी का छिड़काव करेंगे। मौके पर जिला स्तरीय पर्यवेक्षक सह जिला मलेरिया नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आफताब कलीम समेत जीएनएम के डॉ. भारत भूषण शर्मा, स्वास्थ्यकर्मी सुनील कुमार, छिड़काव कर्मी सूर्यदेव शर्मा, मुन्ना शर्मा, महेंद्र रविदास समेत अन्य लोग मौजूद थे। चिकित्सकों ने शत प्रतिशत घरों में कम्पलीट छिड़काव करने का निर्देश देते हुए कहा कि डीडीटी छिड़काव कार्य में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरुक करने की बात कही। चिकित्सकों ने डीडीटी छिड़काव को मलेरिया के रोकथाम के लिए कारगर बताया।

# एक नजर

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत प्रखंड-दिनारा के ग्राम-नटवार एवं राजपुर मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर जुर्माना लगाते हुए तीन लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की बिना कोई बिजली कनेक्शन लिए विभाग के विस्तारित एलटी तार मे सर्विस तार संयोजित कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर अवधेश चौधरी पर 38480 तथा ग्राम-राजपुर के प्रमोद कुमार सिंह पर 38480 रूपये राजस्व की क्षति आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त व्यक्तियों के परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं थे तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। आगे बताते चलें की ग्राम-राजपुर मे ही मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर मुकेश कुमार पर 29902 रूपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजव की क्षति हो रही थी। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा बिकाश कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जांच के दौरान पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## पर्यावरण परिवर्तन के लिए युवाओं ने उठाया कदम

**काराकाट (रोहतास) (नि. सं.)।** 'सांसों का कर्ज चुकाना है तो अधिक से अधिक पौधा लगाना है'। नगर पंचायत काराकाट के (गोडारी) के युवाओं ने इसी थीम पर यह ठाना है कि इस बार ज़िले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना है। इसके लिये वे बृहद स्तर पर पौधरोपण कर रहे हैं। बिहार पर्यावरण संरक्षण अभ्यास के सदस्य सह युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोडारी के अध्यक्ष शिवम कुमार (चेंजलूम युवा नेता) ने कहा कि जिस तरह से इस बार तापमान बढ़ा है उस से लोग समझ गए है कि अगर हमें जीवन बचाना है तो वृक्षारोपण करना है। नगर पंचायत काराकाट के गोडारी में युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोडारी के सदस्यों व युवाओं द्वारा नाद से जमुआ पुल में मिलने वालीं नहर के किनारे वृक्षारोपण किया गया जिसमें सीरीस व पीपल के पौधे लगाए गए। पर्यावरण व वन्यजीव प्रेमी शिवम कुमार के साथ सभी ने सैकड़ों नीम के सीड- बाल बनाए जिन्हें सूखने के बाद वे खाली मैदानों, नदी तट, जंगल, खाली पड़ी वन भूमि में इसे फेक कर हरियाली बढ़ाएंगे। इससे ज़िले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के साथ साथ जैव विविधता भी बढ़े। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत काराकाट (गोडारी) के युवा रंजीत गुप्ता, हरेंद्र शर्मा, राजन कुमार, हिमांशु, प्रदीप यादव के साथ युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोंडारी के अध्यक्ष शिवम कुमार व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसपी से लगायी गुहार

**दावथ (रोहतास) (नि. सं.)।** थाने में दिए गए आवेदन पर किसी तरह का कार्रवाई न होते देख आवेदक ने मामले को किया एसपी के हवाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की लगाई गुहार। प्राप्त जानकारी के अनुसार,दावथ थाना कांड संख्या-157/24 की गिरफ्तारी दावथ पुलिस अभी तक नहीं कर पायी है। ऐसे में दिनारा थाना के भलुनी धाम निवासी मुकेश साह ने एसपी को आवेदन देकर गिरफ्तारी की गुहार लगायी है। एसपी को दिये आवेदन में मुकेश साह ने लिखा है कि मेरी बहन सीता कुमारी की दहेज के लिए हत्या कर ससुराल वालों ने शव भी गायब कर दिया था। इस संबंध में मैने दावथ थाना में कांड संख्या-157/24 दर्ज कराया है।

# शिवालयों में श्रावण मास की पहली सोमवारी पर भक्तों का सैलाब

निज संवाददाता

**सासाराम/बिक्रमगंज/राजपुर।** श्रावण मास के शुरुआत होते ही पहले दिन ही पहली सोमवारी के मौके पर रोहतास के वादियों से लेकर मैदानी इलाकों के शिवालयों में स्थित देवाधिदेव महादेव के शिवलिंग पर हर हर महादेव के जयघोष के बीच हजारों, लाखों शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया। इस बीच रोहतास के दुर्गम पहाड़ियों और हरे भरे वृक्षों से अच्छादित जंगलों के बीच गुफा में विराजमान देवाधिदेव महादेव गुप्तेश्वरनाथ (गुप्ताधाम) में गेरुआ वस्त्र धारण किए हजारों श्रद्धालुओं ने दस्तक देकर जल अर्पण किया। जबकि मैदानी इलाकों में विराजमान बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के कस्तर में कस्तर महादेव पर भी हजारों भक्तों ने जलाभिषेक पूजा अभ्यर्थना किया। सोमवार की अहले सुबह सूर्य की किरणे निकलने एव धरती पर पड़ने से पूर्व जिले के शहरी एवं। ग्रामीण व कस्बाई इलाको के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी तथा शिवालयों में लगे घंट की ध्वनि और हर हर महादेव की जयघोष से पूरा गगन गूंजने लगा। श्रद्धालुओं ने जल के साथ बेलपत्र, धातुर, पुष्प आदि सामग्रियां अर्पित किया। श्रावण मास के पहले दिन ही



पहली सोमवारी होने से मंदिरों में पूरे दिन नर नारियों का तांता लगा रहा। एक अनुमान के अनुसार गुप्ता धाम में करीब चालीस से पचास हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किए जाने की चर्चा है। जहां श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के कड़े और व्यापक इतजाम किए गए थे।

**बिक्रमगंज/काराकाट।** श्रावण मास के प्रथम दिन और पहले सोमवारी को विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को किया जल अर्पित एवं विधि सम्मत की पूजा पाठ। सावन मास की शुरुआत इस बार सोमवारी से हुई है। इस कारण श्रद्धालुओं की भीड़ इस बार शिवालयों में प्रथम दिन काफी देखी गई। विभिन्न शिवालयों में गंगाजल, जल, दूध एवं फल- फूल तथा बिल्व पत्र आदि के द्वारा पुरुष एवं महिलाएं पूजा पाठ करते हुए दिखाई दिए। भगवान शिव को समर्पित पूरा श्रावण मास प्रकृति के लिए सबसे उपयुक्त और सबको आनंद देने वाला महीना माना जाता है। इस कारण पूरे महीने एक धार्मिक त्योहार की तरह दिखता है और कांवरियों का दल भगवा रंग में रंगा हुआ दिखता है। नगर पंचायत काराकाट, गोरारी में भी आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई और इस अवसर पर वहां के युवाओं ने जिले में लगने वाले प्रसिद्ध नाग पंचमी के दिन मेले के प्रति तैयारी का शुभारंभ भी कर दिया। इस संबंध में बकस बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष कुंदन पासवान ने बताया कि इस बार का नाग पंचमी का मेला भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है। देश में कई नामी कंपनियों के झूले आदि की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अगल-बगल के विभिन्न बाजारों जैसे इटिम्हा, काराकाट, करूप, देव मारकंडे, ब्रह्मू बाबा मंदिर तथा सुकहरा डिहरी बाजार आदि जगहों पर विशेष प्रकार के पोस्टर टांगे गए। नगर पंचायत गोरू के प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर में आज कुंदन पासवान रवि शर्मा, चुलबुल तिवारी,बिना, रितेश, पंकज, अभिमन्यु, आशा, डिम्पल, कुमकुम, मंजू, सीता, पूजा, बिन्दु गुप्ता आदि मैं भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र एवं जल से पूजा पाठ किया।

**राजपुर (रोहतास)।** सावन माह के प्रथम सोमवार को क्षेत्र के सभी गांव के शिवालय हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठे। सावन के प्रथम सोमवारी होने पर बघैला बुढवा महादेव को जलाभिषेक को ले मंदिर में शिव भक्तों के का सैलाब उमड पडा।भगवान शिव को जलाभिषेक के लिए सैकड़ों श्रद्धालु अहले सुबह हीं बघैला शिव मंदिर जा पहुंचे। मंदिर के पुजारी जग नारायण मिश्रा द्वारा भगवान शिव का मंगला आरती पूजन के पश्चात मंदिर कपाट खोल दिया गया।कपाट खुलते ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिर के पुजारी जगनारायण मिश्रा ने कहा कि मंदिर का इतिहास पांच सौ वर्षो से ज्यादा पुराना है।इन पांच सौ वर्ष की जानकारी परंपरा से पीढी दर पीढी प्राप्त हुई है। लोग बताते हैं कि मंदिर प्रांगण में शिव लिंग की उत्पत्ति अपने आप हुई थी। तभी से प्रति वर्ष क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक कर जीवन के दुखों से मुक्ति के लिए वरदान मांगने यहां पधारते रहे हैं। इसके अतिरिक पकड़ी, बरन, भलुआही, रोतवा, राजपुर सहित अन्य गांव के शिवालयों में जलाभिषेक कर लोगों ने भूत-भावन शिव मनोवांछित फल की कामना की

# जिम संचालक हत्या कांड का षड्यंत्रकर्ता गांधी चौधरी गिरफ्तार



- **डीएसपी ने बताया कि गांधी चौधरी जिम संचालक के हत्या का षड्यंत्रकर्ता है। उक्त अभियुक्त का थार कार व शूटर छोटू राम की अपाची बाइक को जब्त किया गया है।**

निज संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के अमियावर गांव निवासी सह जिम संचालक अतुल उर्फ आदित्य श्रीवास्तव के हत्या के मामले के फरार प्राथमिकी अभियुक्त षड्यंत्रकर्ता को नासरीगंज पुलिस ने नासरीगंज-दाऊदनगर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि जिम संचालक हत्याकांड का प्राथमिकी अभियुक्त षड्यंत्रकर्ता नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर गांव के निवासी गांधी चौधरी को दाऊदनगर पुल के पास से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछताछ के बाद उसे सोमवार को कोर्ट में हाजिर किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि गांधी चौधरी ने जिम संचालक अतुल उर्फ आदित्य श्रीवास्तव की हत्या के आरोप को स्वीकार किया है। डीएसपी ने बताया कि गांधी चौधरी जिम संचालक के हत्या का षड्यंत्रकर्ता है। उक्त अभियुक्त का थार कार व शूटर छोटू राम की अपाची बाइक को जब्त किया गया है। गांधी चौधरी 21 कांडों का अभियुक्त है। इस हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अगर आत्मसमर्पण नही करते हैं तो दो दिनों के अंदर कुर्की जब्ती की जायेगी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम में नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार, काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, डीआईयू प्रभारी डिहरी राहुल कुमार व डीआईयू शाखा डिहरी के पदाधिकारी सुशांत मंडल शामिल थे।

# गुप्तेश्वरनाथ में पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सावन की पहली सोमवारी पर रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी स्थित गुप्ताधाम गुफा में बाबा गुप्तेश्वर नाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह सात बजे तक ही 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान गुप्तेश्वरनाथ का दर्शन पूजन कर जलाभिषेक किया, जबकि हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। रात्रि साढ़े 12 बजे से ही जलाभिषेक आरंभ हो गया था, जो लगातार जारी है। कमेटी का उपाध्यक्ष गोपाल सिंह खरवार ने बताया कि अबतक 50 हजार से अधिक लोग जलाभिषेक कर चुके हैं। गुप्ता धाम विकास कमेटी के सदस्यों के द्वारा कांवरियों को कतार में खड़े होकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कराया गया। पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए कांवरिया रात्रि से ही मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंचने लगे थे। बताया कि 25 गैस के सिलेण्डर गुफा के अंदर



लगाए गए हैं। पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती प्रशासन के द्वारा की गई है। पेयजल की समस्या ना हो इसलिए सारे चापानलों की मरम्मत की गई है। डीएम के आदेशानुसार गुप्ता धाम जाने वाले मार्ग पर निजी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था डैम के पास ही की गई है। इस बात पर जोर देते हुए कहा कि गुप्ता धाम में गुफा के अंदर एग्जास्ट लगाया गया है, जिससे हवा का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। गुफा के अंदर किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं होनी चाहिए तथा साथ ही मंदिर परिसर और बाहरी इलाके को भी पूरी तरीके से कचरा मुक्त किया गया है। डीएम् ने जनरेटर एवं सोलर लाइट के माध्यम से बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया, जिसे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। रविवार रात से ही भगवान शिव को जल चढ़ाने व दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी है। हर-हर महादेव व बोलबम के जयघोष से कैमूर की वादी गुंजायमान हो रही है। रोहतास, केमूर, बक्सर, आरा के साथ बिहार के अन्या जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड के जिलों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# समान वेतन की मांग को ले मिशन कर्मीयो ने किया हड़ताल, फेस रिगारडिंग अब्सेंटी सिस्टम का किया विरोध

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग को ले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित नेशनल हेल्थ मिशन के कर्मी सोमवार को अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। अनुबंध पर पदस्थापित सीएचओ, एएनएम व जीएनएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस के विरुद्ध अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर फेस रिगार्डिंग अब्सेंटी सिस्टम का विरोध जताया। जिसके बाद कर्मियों ने हड़ताल पर जाने का अपना संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सतीश कुमार सिंह को सौंप दिया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने कहा कि 18 जुलाई को जारी राज्य स्वास्थ्य समिति के पत्रांक संख्या 1777 के निर्देशानुसार हम सभी एनएचएम कर्मियों को 22 जुलाई से फेस एप्लीकेशन के माध्यम से प्रतिदिन 3 टाइम हाजिरी लगाने का आदेश जारी हुआ है। जबकि हमारे हीं पदों पर बहाल सरकारी




कर्मियों को इससे मुक्त रखा गया ह। जो भावपूर्ण, अव्यावहारिक एवं अमानवीय है।इस तरह से एक हीं काम के लिए दो नीति का हम सभी विरोध करते हैं। एक हीं संस्था में कार्यरत एन.एच.एम कर्मी, नियमित कर्मी की तुलना में अल्प मानदेय भोगी है। जबकि कार्य एक समान है। सरकार हमारे साथ न्याय करे समान कार्य के लिए समान वेतन प्रदान करें। स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर अच्छा पेयजल, शौचालय व आवासीय भवन की सुविधा मिलनी चाहिए। विगत माह के बकाया वेतन का भुगतान हो। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक हम सभी कर्मी एफआरएएस प्रणाली का विरोध एवं समान काम समान वेतन के लिए सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं कार्य बहिष्कार पर रहेगे। मौके पर सीएचओ अमृता कुमारी, कुमारी अर्चना, कुमारी मधु प्रसाद, वैशाली शर्मा, एएनएम ममता कुमारी, रूबी कुमारी, पम्मी कुमारी, जीएनएम रविशंकर कुमार सिंह, रीमा कुमारी समेत सीएचसी के कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने क्षेत्र का दौरा कर लोगो की समस्याएं सुनी

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** विधुत पावर सब स्टेशन नासरीगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला सरैया ग्रीड में एलटी सहित अन्य तकनिकी खराबी के कारण प्रखंड के तुर्कबीघा, सवारी, कैथी, कछवा, नोआव, गनौरी बीघा, बालदेव टोला गांव में कई दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने को ले भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलिराम मिश्रा ने इन गावों का दौरा कर जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल करने को ले विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता व अधीक्षण अभियंता से बात कर जल्द से जल्द इस समस्या को दूर करने को कहा। इस ग्रीड में खराबी आने के कारण किसानों को पटवन करने में भी काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है। वहीं कैथी राजवाहा नहर से किसानों को खेतों तक पानी नही पहुंचने की शिकायत पर उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात कर इस समस्या को जल्द से जल्द दूर करने को कहा।

## रोहतास में खोदाई के दौरान मिली 11वीं सदी की प्रतिमा

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** रोहतासगढ़ के चौरासन मंदिर के पास खोदाई में भगवान विष्णु की एक प्राचीन प्रतिमा मिली है। इसमें बाएं निचले हाथ में शंख है, जो हथेली के सहारे उंगलियों को ऊपर की ओर मोड़कर पकड़ा गया है। बाएं उठे हुए हाथ में सुदर्शन चक्र है, जिसका पूरा भाग सामने की ओर दिखाई पड़ रहा है। इसे बाहर की ओर से चार अंगुलियों को मोड़कर पकड़ा गया है। दायें निचले हाथ में फल है। इसे बाहर की ओर से चार अंगुलियों को मोड़कर पकड़ा गया है। दाएं ऊपरी हाथ में गदा है, जिसका पेंदा ऊपर की ओर है। गदा की मूठ नीचे है। गदा की मूठ और पेंदा दोनों गोल एवं फांकदार हैं। भगवान विष्णु के दोनों ओर कंधों तक घुंघराले बाल लटक रहे भगवान विष्णु के दोनों पैरों के अगल-बगल और निचले हाथों के आयुधों के नीचे शंख पुरुष तथा गदा देवी बनी हुई हैं।

# साइंस ओलम्पियाड के विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** द डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में साइंस ओलम्पियाड के दूसरे लेवल को क्वालीफाई करनेवाले तथा जोनल लेवल के टॉपर्स में अपना स्थान बनानेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कुल 87 विद्यार्थी पुरस्कृत हुए। जोनल रैंक टॉपर्स में रैंक 1 से रैंक 25 तक के रैंक होल्डर को शामिल किया जाता है। द डीपीएस के कुल 6 विद्यार्थियों को SOF की ओर से उत्कृष्ट जोनल रैंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र दिया गया। कक्षा 6 के विद्यार्थियों पंकज कुमार केशरी एवं आदित्य कुमार को जोनल रैंक 2 प्राप्त करनेपर SOF की ओर से प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ सिल्वर मेडल तथा पच्चीस सौ रुपए का चेक प्राप्त हुआ। अन्य विद्यार्थियों में अमन कुमार, अंश कश्यप एवं प्रेमदीप जॉली को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत




करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष फॉर्म भरने के मामले में हम पूरे बिहार में तीसरे स्थान पर रहे। इस वर्ष हमें इंटरनेशनल लेवल पर स्थान बनाना है। तप जितना कठिन होगा परिणाम उतना ही अविश्वसनीय आएगा। इंटरनेशनल लेवल पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइंस ओलिंपियाड की तरफ से क्रमशः पचास, पच्चीस तथा दस हजार की पुरस्कार राशि दिल्ली बुलाकर दी जाती है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि जितनी इनाम राशि SOF आपको देगा उसमें उतनी ही राशि जोड़कर विद्यालय भी आपको देगा साथ ही दिल्ली तक आपकी एवं आपके माता-पिता की फ्लाइट की टिकट भी विद्यालय बुक करवाएगा इसलिए कमर कसकर इसकी तैयारी में लग जाइये।

# 25.5 लीटर विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज धराया



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** कौआकोल पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के कोल्हुआर जंगल से एक शराब धंधेबाज को 25.5 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार शराब धंधेबाज कोल्हुआर गांव निवासी मथुरा यादव का बेटा धर्मेन्द्र यादव बताया जाता है। जिसके पास से ब्लेंडर प्राइड एवं रॉयल स्टैग कम्पनी की साढ़े पच्चीस लीटर विदेशी शराब की बोतल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार शराब को जब्त कर धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया है।

**Govt. of Bihar**

**Principal Office**
**Government Polytechnic, Aurangabad**
**At- Dhanari, P.O.- Bijauli,**
**Dist-Aurangabad-824102 (Bihar)**
Email Id –principalpolyaurangabad@gmail.com, Mob. - 9818434694

**SHORT TERM RECRUITMENT NOTICE**
**WALK IN INTERVIEW FOR**
**GUEST LECTURER, GUEST LAB ASSISTANT, GUEST INSTRUCTOR**
**Advt./Req./GP AUR/01/2024-25**

Government Polytechnic, Aurangabad is going to conduct a walk-in-interview for the empanelment of Guest Lecturer, Guest Lab Assistant, Guest Instructor for the following department(s)/subject(s) for the current academic session. Interested and eligible candidates may appear for the walk-in-interview with all their original academic certificates, residential certificate, any academic experience, a hard copy of CV, 02 sets of photo copies of original documents/ certificates, 02 recent passport size photographs as per following schedule.

| Guest Lecturer, Guest Lab Assistant, Guest Instructor in Department/Subject | | Date and time of interview | Venue |
|---|---|---|---|
| Computer science & Engg. | Guest Lecturer | 27/07/2024 | Office of the Principal, Government Polytechnic, Aurangabad At- Dhanari, P.O.- Bijauli, Dist-Aurangabad-824102 (Bihar) |
| | Guest Lab Assistant | 28/07/2024 | |
| Mechanical Engg. | Guest Lab Assistant/Guest Instructor | | |
| Civil Engg. | Guest Lab Assistant | | |
| Electrical Engg. | Guest Lab Assistant | | |
| Electronics Engg. | Guest Lab Assistant | | |
| Applied Science & Humanities | Guest Lab Assistant (Physics) | | |

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Principal**
**Government Polytechnic,**
**Aurangabad**

PR. No. 004361 (Sci. & Tech.) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# पूर्व मध्य रेल में 244 आरओबी एवं 383 आरयूबी कार्यरत

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** सड़क एवं रेल मार्ग पर यात्रियों की कुशल आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करते हुए रेल परिचालन में संरक्षा एवं ट्रेनों की गतिशीलता में वृद्धि और सड़क उपयोगकर्ता की सुविधा के मद्देनजर लेवल क्रॉसिंग गेटों पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/ रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में वर्तमान में 244 आर.ओ.बी. तथा 383 आर.यू.बी. कार्यरत है। इनमें धनबाद मंडल में 130 आरओबी एवं 141 आरयूबी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 40 आरओबी एवं 60 आरयूबी,






दानापुर मंडल में 39 आरओबी तथा 66 आरयूबी, सोनपुर मंडल में 15 आरओबी तथा 55 आरयूबी जबकि समस्तीपुर मंडल में 20 आरओबी तथा 61 आरयूबी कार्यरत है। इसके अतिरिक्त 109 आरओबी तथा 304 आरयूबी/एलएचएस का निर्माण किया जाना है। इनमें धनबाद मंडल में 22 आरओबी एवं 57 आरयूबी/एलएचएस, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 27 आरओबी एवं 21 आरयूबी/एचएचएस, दानापुर मंडल में 16 आरओबी तथा 15 आरयूबी, सोनपुर मंडल में 12 आरओबी तथा 11 आरयूबी जबकि समस्तीपुर मंडल में 32 आरओबी तथा 10 आरयूबी का निर्माण किया जाएगा।

# स्कूल के पास पईन से किशोरी का शव बरामद, रविवार दोपहर से थी लापता

## नालंदा में शौच के दौरान डूबने से मौत की आशंका

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में रविवार से लापता किशोरी का शव सोमवार को सरकारी स्कूल के पास पईन से बरामद किया गया है। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव का है। मृतका की पहचान इब्राहिमपुर गांव निवासी विलास तांती की बेटी अनीता कुमारी(16) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में अनीता कुमारी की बहन सुनीता कुमारी ने बताया कि सोमवार की दोपहर खाना खाने के बाद उनकी बहन घर से बाहर निकली थी। इसके बाद से देर शाम तक नहीं लौटी। काफी खोजबीन किया गया, बावजूद उसका कहीं अता पता नहीं चल सका। सोमवार को इब्राहिमपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास पईन में उपलाए शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी तब जाकर घटना का खुलासा हुआ। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि शौच के बाद अनीता पानी छूने के लिए पईन के पास गई होगी। जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई। डूब कर उसकी मौत हो गई। वहीं, शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। बिन्द थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि पानी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है। रविवार दोपहर में खाना खाने के बाद किशोरी घर से बाहर निकली इसके बाद वह घर नहीं लौटी थी।

# 13 वर्षों से फरार नक्सली चलितर यादव गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



♦ आंगनबाड़ी भवन को बम से उड़ाया था, SSP और पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना पर दबोचा

गया जिले के धनगाई थाने की पुलिस और SSB ने 13 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी चलितर यादव उर्फ चलितर जी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अपने नक्सली साथियों के साथ ग्राम गोइठा में सरकारी योजना के तहत बनाए गए आंगनबाड़ी भवन को बम से उड़ा दिया था। साथ ही में आंगनबाड़ी से सम्बंधित सभी कागजात को जला दिया था। इस घटना को नक्सलियों ने 2011 को अंजाम दिया था। तब से लेकर अब तक चलितर यादव फरार चल रहा था।

**गुप्त सूचना पर धराया:** धनगाई थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि कई कांडो में वांछित फरार चले रहे कुख्यात नक्सली चलितर यादव उर्फ चलितर जी अपने घर ग्राम चोरदहा में आया हुआ है। धनगाई थाना और एसएसबी धनगाई ने संयुक्त करवाई करते हुए चलितर यादव उर्फ चलितर जी के घर पर छापामारी की तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। उससे नाम पता पूछा गया तो उसने चलितर यादव उर्फ चलितर जी, पिता- बासुदेव यादव, ग्राम-चोरदहा, थाना धनगाई बताया। बीते 15 मार्च 2011 को वादी के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि अज्ञात अपराधियों द्वारा ग्राम गोईठा मीठा में ऑगनबाड़ी के बन रहे भवन को तोड़ दिया, एक कमरे का ताला तोड़कर बम लगाकर विस्फोट कर दिया गया। दूसरे कमरे का ताला तोड़कर उपस्थिति पंजी को विद्यालय से बाहर फेंक दिया है। जिस संबंध में बाराचट्टी थाना में मामला दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव में एनडीए की जीत कार्यकर्ताओं की देन

**गया।** शहर के पुलिस लाइन सिंगरा स्थान स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी रा. की बैठक जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा हुई। नेताओं ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने अहम भूमिका निभाई है। इस बीच उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे बेलागंज एवं इमामगंज विधानसभा उपचुनाव पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह व जिला प्रभारी सह प्रदेश सचिव मनोज सिंह शामिल हुए। राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा कि पार्टी में संगठन रीढ़ होता है। आने वाले उपचुनाव से पूर्व सभी प्रखंड अध्यक्ष प्रखंडों से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटी में कोई त्रुटि है तो उसे सुदृढ़ कर लें। वहीं प्रदेश सचिव मनोज सिंह ने कहा कि जो आज सामान्य प्रशस्ति पत्र आप लोग को दिया जा रहा है, वह आप लोगों के मेहनत और ईमानदारी का देन है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रत्याशी कमलेश शर्मा, बिहार प्रदेश सदस्यता अभियान के प्रभारी संजय रविदास, प्रदेश सचिव विजय पासवान, युवा प्रदेश सचिव चिंटू शर्मा, जिला संगठन मंत्री सुबोध सिंह, जिला प्रधान महासचिव अंग्रेज पासवान, मीना देवी आदि मौजूद थे।

### शिवनगर में बंदर का आतंक, कई को काट किया जख्मी

**टिकारी।** प्रखंड के शिवनगर गांव में रविवार को एक बंदर ने सभी को भयभीत कर दिया। एक ही दिन में चार लोगों को उसने बुरी तरह से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार शिवनगर गांव में कहीं से एक बंदर आ गया जो किसी का पाला हुआ लगता है। आदमियों के बीच बड़े ही सामान्य ढंग से रह रहा बंदर अचानक से हिंसक हो गया और एक के बाद एक कर के चार लोगों को बुरी तरह से नोच डाला। जख्मी जय प्रकाश के बड़े भाई शशि प्रकाश ने बताया कि बंदर कहीं से आकर भाई के गोद में आकर बैठ गया । फिर अचानक से हिंसक हो गया और उसके हाथ और पीठ में कई जगह दांत से काट लिया। बड़ी मुश्किल से उससे छुटकारा मिला। उसी तरह से 40 वर्षीय अर्जुन यादव, मो. शाहजहां के 18 वर्षीय पुत्र, चरणदेव मिस्त्री के 25 वर्षीय पुत्र संजय शर्मा को बंदर ने काट लिया। उसके बाद शिवनगर अहरी के खेत में काम कर रही महिलाओं को दौड़ाया तो उनलोगों ने किसी प्रकार भागकर अपनी जान बचाई।

### बाइक से शराब ले जा रहा धंधेबाज धराया

**सरमेरा।** स्थानीय पुलिस ने बाइक की डिक्की में शराब लेकर जा रहे धंधेबाज पेंदी गांव निवासी सच्चु राम के पुत्र जगन्नाथ राम को गिरफ्तार कर लिया। सहायक थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि गश्ती पुलिस बल को देखकर शराब धंधेबाज बाइक की गति तेज कर भागने लगा। पुलिस ने संदेह के आधार पर खदेड़ कर पकड़ा और जांच की तो डिक्की से शराब मिली। पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया है।

### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में प्रॉपर्टी प्रदर्शनी का आयोजन




**गया।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय गया ने प्रॉपर्टी प्रदर्शनी का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय गया के परिसर में रविवार को किया। उद्घाटन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अंशु झा ने किया। इसके अंतर्गत विभिन्न संपत्तियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में आम जनता ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दी, एवं प्रदर्शनी में दर्शाए गए संपत्तियों के प्रति रुचि दिखाई। अभी वर्तमान समय में क्षेत्रीय कार्यालय गया में लगभग 50 प्रॉपर्टी सरफेसी एक्ट 2002 के अंतर्गत है जिसमें से पांच प्रॉपर्टी नीलामी के लिए 26 अगस्त 2024 को निर्धारित है, साथ ही शेष प्रॉपर्टी बहुत जल्द ही नीलाम की जाएगी। इस प्रदर्शनी में मुख्य प्रबंधक विवेक कुमार, अभिषेक कुमार सिन्हा, राजीव रंजन पटेल आदि मौजूद थे।

### श्री मारवाड़ी पंचायत समाज के अध्यक्ष बने शिव डालमिया

**गया।** शहर के पुरानी गोदाम स्थित मारवाड़ी पंचायत भवन में रविवार को श्री मारवाड़ी पंचायत समाज का चुनाव संपन्न हो गया। समाज के लोगों ने वोट डाल अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी प्रसिद्ध समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया को सौंपी है। इनके अलावे उपाध्यक्ष प्रथम सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष द्वितीय विनोद जसरापुरिया, महामंत्री अभिषेक अग्रवाल, प्रथम संयुक्त सचिव विजय भलौटिया, द्वितीय संयुक्त सचिव हरिशंकर जगवानियां व कोषाध्यक्ष पद पर राजेश झुनझुनवाला ने जीत दर्ज की। चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस बीच अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया ने कहा कि समाज ने उन पर भरोसा कर यह जिम्मेवारी सौंपी है, उनके भरोसे पर खड़ा रहेंगे। समाज के हर वर्ग का विकास हो, इस दिशा में कार्य करेंगे।



### सर्कस मैदान में बनेगा सोगरा ट्रेड सेंटर

**बिहारशरीफ।** सोगरा वक्फ इस्टेट द्वारा बिहारशरीफ शहर के गढ़पर मोहल्ला स्थित सर्कस मैदान में बहुत ही विशाल सोगरा ट्रेड सेंटर बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 50 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। ढाई वर्ष में निर्माण कार्य पूरा हो जाने की संभावना है। वक्फ से जुड़े लोगों का कहना है कि इसकी लंबाई-चौड़ाई व उपलब्ध सुविधाएं इतनी अधिक होगी कि सूबे में इतना बड़ा ट्रेड सेंटर दूसरा कोई और नहीं होगा। इसके अंदर बहुत सारी कंपनियों के कार्यालय, दुकानें, होटल, बैंक, शॉपिंग मॉल के साथ ही सभी तरह की सुविधाओं से लैस होगा। नालंदा तो छोड़िए सूबे के अधिकांश जगहों पर कार पार्किंग की जगह नहीं है। लेकिन इस ट्रेड सेंटर में अपनी कार पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह शहर के मध्य में है। इस कारण यहां आवागमन की कोई समस्या नहीं होगी। मखदूम-ए-जहां के साहबे सज्जादानशीं (पीर साहब) सैफ उद्दीन फिरदौसी ने बताया कि सोगरा ट्रेड सेंटर के निर्माण को लेकर लगातार बैठकें की जा रही है। जल्द से जल्द निर्माण काम को पूरा कराने को लेकर इंजीनियर्स के साथ बातचीत की जा रही है। भवन पांच मंजिला होगा और इसमें सभी तरह की सुविधाएं मौजूद होंगी। भवन का टिकाव अधिक दिनों तक हो, आने जाने वालों को हर प्रकार की सुविधा हो, गर्मी, सर्दी व बरसात के मौसम में किसी को वहां किसी प्रकार की परेशानी न हो, इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। फिलहाल सर्कस मैदान में जमीन खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। इसका निर्माण इस प्रकार कराया जाएगा कि इसके पहले व दूसरे तल्ले पर दुकानें होंगी। जबकि अन्य तल्ले पर और सारी चीजें। भवन का मॉडल, जिसके अनुसार निर्माण किया जाना है। भवन निर्माण के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। सोगरा वक्फ इस्टेट के मोतवल्ली हाजी मुख्तारुल हक ने बताया कि इसका निर्माण इस प्रकार कराया जाएगा कि भूकंप आने पर भी किसी को किसी प्रकार का नुकसान होगा। आग लगने पर उससे बचाव का पूरा इंतजाम होगा। यानि फायर मैनेजमेंट सिस्टम पर भी अच्छी खासी राशि खर्च कर अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। लिफ्ट और सीढ़ी तो रहेगी ही, इसके अलावा कम से कम तीन जगहों पर एलीवेटर भी लगाया जाएगा।

# गया में अविवाहित मृतक की बेटी बन जमीन की डील, भू-माफिया के नाम पर रजिस्ट्री करवाया

## फर्जी डॉक्यूमेंट भी बनाया था, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

निज संवाददाता। गया



गया में एक युवती ने मृत शख्स की बेटी बनकर करोड़ों की जमीन को भू-माफिया के नाम पर रजिस्ट्री करवा दी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है। चाकन्द थाने की पुलिस ने इसका खुलासा किया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर चाकन्द थाना क्षेत्र के बारा गांव की है। बारे गांव निवासी अफरोज आलम का कहना है कि उनका एक भाई मो. मासूम जो दिव्यांग और अविवाहित था। उसकी 2021 में मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद हमलोग दिल्ली कमाने चले गए थे। इस बीच भू-माफियाओं ने गांव की ही एक लड़की साबरीन बानो को मो. मासूम की बेटी बनाकर उसके हिस्से की जमीन रजिस्ट्री करा ली।

**आज सुबह पुलिस ने आरोपी को दबोचा:** मो. मासूम की बेटी होने का फर्जी दस्तावेज भी रजिस्ट्री कार्यालय में पेश किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। इसके बाद हम सभी दिल्ली से वापस गया आए। रजिस्ट्री विभाग में दौड़-भाग किया तो मामला सही निकला। इस पर अफरोज आलम ने चाकन्द थाने में केस दर्ज कराया। काफी छानबीन के बाद पुलिस ने भी अफरोज आलम के आरोप को सही पाया। मामला DSP तक पहुंचा। DSP ने अपने सुपरविजन में केस को सही कहते हुए साबरीन बानो की गिरफ्तारी का आदेश दे दिया। साथ ही मामले की विस्तृत रिपोर्ट रजिस्ट्री विभाग को भेज दिया। इधर, DSP का आदेश मिलते ही सोमवार की सुबह चाकन्द पुलिस ने साबरीन बानो को गिरफ्तार कर लिया है। DSP खुर्शीद आलम ने बताया कि आरोपी को पकड़ने का आदेश दिया गया था। चाकन्द पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवती को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# गया में साइबर अपराधी गिरफ्तार, 5-5 हजार में बेच देता था बैंक का खाता

निज संवाददाता। गया



गया जिले के साइबर थाने की पुलिस ने विभिन्न बैकों में अकाउंट खोल कर अपना खाता और एटीएम साइबर ठगों को बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस ने अपराधी मंगरु पासवान को रोहतास के शिवनगर से गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी साइबर थाना के डीएसपी साक्षी राय ने दी है।

**क्या बोलीं DSP:** डीएसपी साक्षी राय ने बताया कि बीते 5 मार्च को शेरघाटी के संदीप ने एक आवेदन दिया था। आवेदन में संदीप का कहना था कि उसके अकाउंट से 5 लाख 26 हजार रुपए का अवैध ट्रांजैक्शन दूसरे खाता पर कर लिया गया है और वह सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के खाते में गया है। इस आधार पर जांच की गई तो पता चला कि जिस खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया है। वह खाता रोहतास जिले के शिवसागर थाना के रहने वाले मंगरु पासवान का है। इस बात की पुष्टि होने के बाद साइबर थाना की पुलिस रोहतास के शिवसागर थाना पहुंची और उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि अपराधी मंगरु पासवान विभिन्न बैंक अकाउंट में अपना खाता खुलवाए हुए है। सभी बैंकों का खाता नंबर और उसका एटीएम साइबर ठग गिरोह को 5 - 5 हजार रुपए में बेच दिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में कुछ जानकारी पकड़े गए अपराधी ने दी है। उसकी जांच की जा रही है। फिलहाल स्पष्ट रूप से ठोस सबूत एकत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न बैंकों में खाता खुलवा कर उसे बेचने का धंधा प्रदेशभर में चल रहा है। पुलिस इस ऐसे लोगों की तलाश में जुटी है।

# नालंदा में 5 महीने के बच्चे की चोरी, दादी के साथ सोया था मासूम

♦ रात 2 बजे के बाद बच्चा हो गया गायब

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के बिहार थाना क्षेत्र में रहस्यमय तरीके से सुप्तावस्था में 5 महीने के दुधमुंहे बच्चे की चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। घटना शकुंनत कला रेलवे क्रॉसिंग के पास की है। मासूम रवि कुमार का 5 माह का पुत्र रोशन कुमार है। रोशन की दादी शकुंती देवी ने बताई कि रात करीब दो बजे उनका पोता भूख से रो रहा था। इसके बाद उन्होंने डिब्बे का दूध उसे पिलाया और फिर सुला दिया। उन्हें भी आंख लग गई। करीब 1 घंटे बाद अचानक उनकी नींद खुली तो उन्होंने पाया कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और बच्चा गायब है। उन्होंने अपने बेटे और बहू को जगाया। इसके बाद घर के आसपास खोजबीन की लेकिन रोशन का कोई सुराग नहीं मिला। सुबह होते ही स्थानीय थाना पहुंच बच्चे की चोरी का मामला दर्ज कराया। दरअसल रेलवे फाटक के पास शंकुति देवी का पूरा परिवार रेलवे की जमीन पर झोपड़ी नुमा घर बनाकर वर्षों से रह रहा है। शकुंती देवी झोपड़ी के बाहर के हिस्से में चाय की दुकान चलाती है। इसमें उनकी बहू भी हाथ सहयोग करती है। जबकि बेटा रवि कुमार फोर व्हीलर चलाने का काम करता है। रविवार की रात सपरिवार उसी झोपड़ी नुमा घर में सोया हुआ था। जहां से 5 महीने के बच्चे की चोरी कर ली गई। यह रवि कुमार की पहली संतान है। वहीं, इस घटना के बाद पूरे परिवार का हाल बेहाल है। अपने 5 महीने के बेटे को याद कर उसकी मां दहाड़े मार रो रही है। आसपास के लोग परिवार को भरोसा देने में जुटे हुए हैं। जो कोई भी इस घटना के बारे में सुन रहा है, वह अवाक हो जा रहा है। इधर, इस मामले में बिहार थानाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है। पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। जल्द ही बच्चे को बरामद कर लिया जाएगा।

# नालंदा में आभूषण दुकान का शटर काट कर चोरी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हिलसा में सक्रिय बदमाशों का उत्पात जारी है। लगातार दूसरे दिन हिलसा में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। रविवार की रात बदमाशों द्वारा हिलसा शहर के योगीपुर रोड सूर्य मंदिर तालाब के पास राधे कृष्णा ज्वेलर्स का शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं, इस घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। दुकानदारों का कहना है कि पुलिस रात गश्ती में डंडीमारी कर रही है। शहर के मुख्य मार्ग पर जब प्रतिष्ठान सुरक्षित नहीं है। तो गली-मोहल्ले के अंदर दुकानों और मकानों की सुरक्षा तो भगवान के भरोसे ही है। हिलसा थाना क्षेत्र के दीपनगर निवासी पीड़ित विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि हिलसा के योगीपुर रोड में आभूषण एवं बर्तन की दुकान है। वो हर दिन की तरह दुकान बंद कर रविवार की शाम घर चले गए। सोमवार की सुबह आस पड़ोस के लोगों द्वारा पता चला कि दुकान के शटर को गैस कटर से काट दिया गया है। सूचना मिलने के बाद दुकान पहुंचे, जहां देखा कि दुकान के अंदर रखे पीतल के बर्तन की चोरी कर ली गई है। गनीमत रही की सोने चांदी के जेवरात का लॉकर नहीं खुल पाया नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। करीब 1 लाख की संपत्ति की चोरी बदमाशों द्वारा कर ली गई है। हिलसा में लगातार दूसरे दिन चोरी की घटना हुई है।

# पावापुरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन, कथा वाचक बोले-धर्म हमारे विचार स्वभाव और कर्म में होना चाहिए

निज संवाददाता। नालंदा



विश्व धर्म जागृति अभियान" की ओर से नालंदा के पावापुरी में रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन ठाकुर सहदेव मंदिर के प्रांगण में हुआ। इस अवसर पर दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महती सभा को संबोधित करते हुए, श्री सुबोध महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्संग के अभाव में व्यक्ति का विचार कलुषित होता है। जिससे वह पतन की ओर अग्रसर हो जाता है। आज लोग बहुत अधिक स्वार्थी एवं पक्षपाती बन गए हैं। जिससे सभी क्षेत्र में भ्रष्टाचार फैल गया है। अच्छे लोग परेशान हैं और बुरे लोगों का बोलबाला हो गया है। न्याय, सिद्धांत, प्रेम दिखता नहीं। सत्संग में सद्गुरु इन्हीं बुराइयों को दूर कराकर स्वस्थ समाज की रचना में महती भूमिका निभाते हैं। ऐसे नेक कार्य में सभी सज्जनों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। धर्म हमारे विचार स्वभाव एवं कर्म में होना चाहिए। यह लोगों को जीने की कला सिखाता है तथा जीवन को सफल बनाता है। कुछ लोग धर्म के नाम पर नफरत फैलाते हैं, धंधा चलाते हैं, मतांतरण कराते हैं। यह अधर्म है, अन्याय है। इससे धर्म बदनाम होता है। इसे समाज में उजागर करने तथा लोगों को इससे बचने की आवश्यकता है। आज लोग देवी देवताओं की केवल पुजा करते हैं, उनसे कुछ सीखते नहीं हैं। यही कारण है कि लोग देवी, देवता और भगवान के नाम पर भी लड़ते हैं। आज सबसे अधिक नफरत एवं लड़ाई धर्म के नाम पर होता है। यह अज्ञानता को दर्शाता है। जो हमें नफरत, भेदभाव करना सीखाता है वह धर्म नहीं हो सकता। आज ज्ञान के नाम पर अज्ञान फैल रहा है। लोग हर धार्मिक कार्य एवं विचारों को केवल मानते आ रहे हैं। फलस्वरूप विश्वास नहीं अन्धविश्वास का जन्म होता है। मानना, अज्ञानता का परिचायक है। मानना लाचारी है। लेकिन जानना हीं ज्ञान है। अतः मानना छोड़कर जानने का प्रयास करो। कल गुरु पूर्णिमा था। यह गुरु-शिष्य संबंध को प्रगाढ़ करता है। गुरु अपने शिष्य के हृदय को सबसे पहले कोमल बनाता है फिर सदज्ञान से सींचता है, मन की बुराई को दूर करके सतपथ पर आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। आत्मज्ञान प्रदान करके जीवन लक्ष्य की प्राप्ति कराता है। इसलिए गुरु-शिष्य का संबंध अनुपम है इन्होने कहा कि जीवन के कल्याण के लिए तीन चीजों की आवश्यकता है। मानव का तन, परमात्मा की कृपा एवं सद्गुरु । मानव का तन, इस भवसागर के लिए बेड़ा (नाव) है, धर्म के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरणा वायु हीं परमात्मा की कृपा है और सद्गुरु इस नाव के खेवनहार हैं। अतः आज लोगों को सद्गुरु की खोज करना चाहिए फिर विनम्र भाव से अपने संशय दूर करने के लिए प्रश्न करना चाहिए तथा सेवा करके उन्हें प्रसन्न करना चाहिए तभी सद्ज्ञान प्राप्त होता है जो हमारे जीवन को धन्य कर देता है तथा हम स्वयं को भाग्यशाली समझते हैं। इस अवसर पर आनंद राज, हंस राज, आदित्य राज इंदु देवी, अभिषेक कुमार, रिंकु देवी, नागेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, राज देवी, उदेश शर्मा, धर्मशीला देवी, रामप्यारी देवी, कुणाल कुमार, शैलेन्द्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, यशोदा देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पूरे रात भजन एवं प्रवचन का दौर चलता रहा। लोग भक्ति भाव में विभोर होकर झूमते रहे।

# डीएम ने किया राजस्व, म्यूटेशन, जमाबंदी, परिमार्जन, पेयजल की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता



**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में राजस्व, म्यूटेशन, जमाबंदी, परिमार्जन, पेयजल, पंचायत सरकार भवन का निर्माण, भूमिहीन और भवनहीन विद्यालय, लोक शिकायत निवारण, भूअर्जन आदि से संबंधित आंतरिक संसाधन के मामलों पर महत्वपूर्ण बैठक हुई। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियो को निर्देशित किया कि दो सप्ताह के अंदर म्यूटेशन से संबंधित सभी लंबित मामलों को समाप्त करें। जमाबंदी जो ऑनलाईन होता है, उन सब को मैनूअल रिकॉर्ड में भी अवश्य सुरक्षित रखें। अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आवास विहीन लोगों के लिए जमीन चिन्हित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से बड़ी-बड़ी योजनाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने सबसे पहले उद्योग विभाग के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। महा प्रबंधक उद्योग विभाग के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजनाओं के अंतर्गत निम्न वर्गों को लाभ दिया जाता है जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति योजना/ अति पिछड़ा वर्ग/ महिला/ युवा एवं अल्पसंख्यक शामिल हैं तथा इनके बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा नगर परिषद नवादा को निर्देश दिया गया कि वह शहरी क्षेत्र में साफ सफाई कराएं। शहरी क्षेत्र में शौचालय की समुचित व्यवस्था करें। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला को देखते हुए सद्भावना चौक पर पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था करें ताकि बाहर से आने वाले कांवरियों को इस जिले में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, इसलिए जल्द से जल्द शौचालय एवं पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर परिषद हिसुआ, वारसलीगंज, एवं रजौली के अंतर्गत भी पेयजल, शौचालय एवं नगर की साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि हर पंचायत में खेल का मैदान बनना जरूरी है इसलिए सभी अंचलाधिकारी को जमीन चिन्हित कर प्रतिवेदन देने को कहा गया ताकि जल्द से जल्द हर पंचायत में खेल का मैदान बनाया जा सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ई शिक्षा कोष पोर्टल पर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराएं। जीरो उपस्थिथि वाले स्कूलों के शिक्षकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों में चल रहे योजनाओं की सूची अद्यतन कर बैठक में लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में बिजली और पेयजल की बड़ी समस्या है। बिजली के लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को कहा गया कि नल जल योजना की सुविधा सभी टोलों और गांवों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीसीएलआर, गोपनीय प्रभारी, वरीय उपसमाहर्त्ता, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# गायब युवती को पुलिस ने हिसुआ से किया बरामद



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत अंतर्गत गढ़ दिबौर गांव से एक गायब युवती को एसआई नूर आलम ने रविवार की रात्रि को हिसुआ से बरामद किया है। बताया जाता है कि युवती को बीते 12 जुलाई को शादी की नियत से गांव के ही एक युवक ने अपहृत कर लिया था। नाबालिग युवती के अपहरण को लेकर लेकर ने पीड़ित नानी ने थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दिए आवेदन में बताया गया कि 12 जुलाई के दिन लगभग 2:30 बजे मेरी नतिनी खनपुरा स्थित अपने मां के घर जाने के नाम पर घर से निकली, किन्तु वह खनपुरा नहीं गई। जिसके बाद काफी खोजबीन की जाने लगी, तो पता चला कि गांव के पास का ही एक युवक शादी की नियत से बहला-फुसलाकर लेकर चला गया है। नाबालिग युवती के शादी की नियत से अपहरण को लेकर 15 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु लिखित आवेदन थाना को दिया गया। साथ ही युवती के बरामदगी एवं दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस नाबालिग युवती के बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आलोक में हिसुआ से अपहृत युवती को बरामद कर लिया गया है। साथ ही बताया कि अपहृत युवती के कोर्ट में ब्यान दर्ज कराने को लेकर नवादा भेजा गया है।

# आसमान की ओर टकटकी लगाये हैं किसान

निज संवाददाता

**नवादा**। जुलाई में अबतक 261 एमएम के विरुद्ध 235 एमएम हुई बारिश नवादा जिले में अषाढ़ मास की समाप्ति व श्रावण माह के प्रवेश के बावजूद किसान आसमान की ओर टकटकी लगाये हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। ऐसा अबतक पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होने व भूगर्भीय जलस्तर में बृद्धि नहीं होने के कारण हो रहा है। जिले में सामान्य बर्षापात 261.60 mm के विरुद्ध वास्तविक वर्षापात 235.5mm दर्ज की गयी है। फसल अच्छादन अंतर्गत धान बिचड़े का शत प्रतिशत आच्छादन कर लिया गया है। धान रोपनी 1132 हेक्टेयर में मक्का 588.46 हे०, मडुवा 137.8 हे० दलहन 871.34 हे०, तेलहन 173.27 हेक्टेयर में आच्छादन हो चुका है एवं आच्छादन जारी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभुक किसान का भौतिक सत्यापन एवं ई केवाईसी किया जा रहा है। कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत 637 कृषि यंत्रों का स्वीकृति आदेश जारी किया गया है जिसमें 382 किसानों के द्वारा यंत्र का क्रय किया जा चुका है। जिले में कुल 13100 मिट्टी के नमूने की जांच की जानी है जिसके विरुद्ध 3060 मिट्टी नमूने की जांच की जा चुकी है शेष नमूनों का विश्लेषण जारी है तथा यह सितंबर माह तक पूर्ण हो जाएगा। आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत काशीचक एवं पकरीबरमा में 1489 मिट्टी के नमूने जांच किये जाने थे जो शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। उद्यान विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि सोमवार से आम और केले के पौधों का लक्ष्य के अनुसार आवेदक किसानों के बीच वितरण किया जाएगा एवं जिले में पहली बार 800 नारियल के पौधों का वितरण करने का लक्ष्य है जिसके लिए आवेदन लिया जा रहा है। पौध संरक्षण अंतर्गत 42 पौध संरक्षण पाठशाला चलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसे संचालित करने हेतु किसानों का चयन किया जा रहा है।

# दबंगों ने पुजारी परिवार के साथ किया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नवादा (नि.सं.)**। जमीनी विवाद को लेकर एक पुजारी के परिवार के साथ दबंगों ने मारपीट किया है, जिसमें महिला समेत कई लोग जख्मी हो गए हैं। घटना का लिखित रूप से स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया गया है। यह पुरा मामला जिले नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी पाली ग्राम का है,जहां एक पुजारी (ब्राह्मण) परिवार के साथ गांव के हीं कुछ दबंग लोगों ने मारपीट एवं धमकी दिया है। घटना के बाद पुरा परिवार डरे सहमे हैं और लिखित रूप से सूचना नरहट थाना को दिया है। जिसमें 252/24 कांड संख्या दर्ज किया गया। आवेदन में छोटी पाली निवासी ब्रह्मण मनोज गिरी ने बताया कि 21 जुलाई को समय 10 बजे दिन में छोटी पाली निवासी पंकज कुमार पिता आनंदी सिंह, सुधीर सिंह पिता त्रिवेणी सिंह, शिवदानी सिंह पिता स्व. बाढो सिंह,परशुराम सिंह, बसंत सिंह पिता स्व. लालदेव सिंह,कुणाल सिंह पिता बसंत सिंह, टुनटुन सिंह पिता संजय सिंह, नरेश सिंह पिता स्व. लखन सिंह,उमेश सिंह पिता सौदी सिंह एवं लगभग 10 अज्ञात लोगों ने हमारे पैतृक जमीन पर आकर कब्जा कर रहे थे । हमलोग जब आकर पूछा तो बिना कुछ बताए, मुझे एवं हमारे पत्नी दिप्ति देवी एवं रंजू देवी , हमारे पुत्र कन्हैया गिरी, कश्यप गिरी, केशव गिरी एवं मेरे भतीजा अमरनाथ गिरी, मोहित गिरी,मनीष गिरि से उलझ गया और गली-गलौज के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगा। दीप्ती देवी ने बताया कि पंकज सिंह मुझे मारा, तो सिर फट गया तथा उमेश सिंह एवं दो चार लोग मिलकर मेरा कपड़ा भी फाड़ दिया।

# नालंदा सांसद ने लोकसभा में राजगीर से कोलकता के लिये ट्रेन चलाने की किया मांग

निज संवाददाता




**नालंदा**। के सांसद, कौशलेन्द्र कुमार ने आज शून्यकाल के दौरान कहा कि (53043/44) हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर ट्रेन राजगीर से हावड़ा के लिए चलती थी, किन्तु कोरोनाकाल से बंद है। इस फास्ट पैसेंजर ट्रेन से बड़ी संख्या में बौद्धिष्ट, जैन धर्म के अनुयायी, तीर्थयात्री और सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। महोदय, श्रावणी मेला शुरू हो गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र, नालंदा और इसके आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी ट्रेन से देवघर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं। इस गाड़ी के परिचालन के बंद होने के कारण श्रद्धालुओं और सैलानियों को बहुत परेशानी हो रही है। अतः मेरी मांग है कि हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर ट्रेन को पुनः चालू किया जाये। इसके अतिरिक्त (12391/92) श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव पावापुरी और सिलाव स्टेशन पर किया जाये, जिसे कोविड-19 के समय में बंद किया गया था, जबकि यहाँ श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव पहले से था। मेमू ट्रेन 03629/30) दानापुर से तिलैया कोरोनाकाल से पहले सेक्शन के सभी हाल्टों पर रुकती थी, परन्तु कोरोनाकाल में हाल्टों पर ठहराव बंद कर दिया गया, जिसके कारण वहाँ के स्थानीय पैसेंजरों को बहुत परेशानी हो रही है। अतः दानापुर से तिलैया मेमू ट्रेन को सभी हाल्टों पर रोका जाये। राजगीर से फतुहा वाया बिहार शरीफ, चण्डी, रुखाई, दनियावां मेमू ट्रेन को पटना या दानापुर तक विस्तारित किया जाये। उन्होंने कहा कि महोदय, मेरी इन सभी उपरोक्त माँगों को मैं मा.मंत्री जी को पत्रों के द्वारा एवं सदन के माध्यम से मा. रेलमंत्री जी का बार-बार ध्यान आकृष्ट करता आ रहा हूँ। अतः आपके माध्यम से मेरी मा.रेलमंत्री जी पुनः मांग होगी कि जल्द से जल्द इस पर कार्यवाई किया जाये।

# रिक्शा चालक कर बालू का उठाव

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के पूर्व उप सरपंच सह मिर्चायगंज निवासी विनय कुमार ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी किया है। कहा गया है कि नारदीगंज में नदी बालू घाट से ट्रैक्टर समेत बड़ी वाहनों से जब गलत तरीके से बालू का उठाव किया जाता है, तो बालू चोरी की बात कही जाती है, और उसपर कार्रवाई भी किया जाता है। वाहनों से गलत तरीके से बालू का उठाव होने पर कार्रवाई होना जायज है। लेकिन यहां सबसे बड़ी प्रश्न है कि रिक्शा चालकों के माध्यम से रिक्शा पर नदी घाटों से गलत तरीके से बालू का उठाव होने पर आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो पाता है जबकि आये दिन नारदीगंज में नदी बालू घाटों से रिक्शा चालकों के माध्यम से गलत तरीके से बालू का उठाव कर बिक्री की जाती है। रिक्शा चालक अपने रिक्शा पर बालू की कई बोरियों को रखकर नदी घाट से ले जाते हैं, और बाजार में बिक्री कर रहे हैं, इस धंधे में कई रिक्शा चालक लगे हुए हैं।

# डायवर्सन हटाने को लेकर सीओ को दिया आवेदन

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर सरौनी मौजा अंतर्गत जोगाचक गांव के मुख्य पईन की भूमि पर अवैध ढंग से बनाए गए डायवर्सन को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को सीओ को आवेदन दिया है। किसान सह राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर सीओ को कहा है कि पूर्व में भी 25 जून को उक्त डायवर्सन हटाने के लिए आवेदन दिया गया था, परंतु आज तक नहीं हटाया गया। जिससे किसानों को क्षति हो रही है। सीओ को दिए गए आवेदन में किसानों ने कहा कि यदि 25 जुलाई तक डायवर्सन नहीं हटाया गया तो 26 जुलाई को बाध्य होकर रोह-रूपौ पथ पर सड़क जाम कर आवागमन ठप कर दिया जाएगा।

# गंगोत्री का गंगा जल घर घर पहुंचाने की योजना शुरू : डाक अधीक्षक

निज संवाददाता



**नवादा**। प्रथम सोमवारी के दौरान नवादा के हर एक मंदिर में गंगाजल का स्पेशल काउंटर लगाया गया था ताकि शिव भक्तों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो और लोगों ने इसकी जम की सराहना की डाक विभाग से सभी ने कहा कि आप लोग हमारे हर सुख और दुख में शामिल होते हैं चाहे वह गंगाजल हो राखी हो सुकन्या समृद्धि की योजना हो लोगों ने इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारियों को ढेर सारी शुभकामना भी दिया मां गंगा की भी धरती पर आने की एक अद्भुत सच्चाई है जिसे राजा भगीरथ ने पूरा करने में मदद की थी भागीरथ एक प्रतापी राजा थे। उन्होंने अपने पूर्वजों को जीवन-मरण के दोष से मुक्त करने के लिए गंगा को पृथ्वी पर लाने की ठानी। उन्होंने कठोर तपस्या आरम्भ की। गंगा उनकी तपस्या से प्रसन्न हुईं तथा स्वर्ग से पृथ्वी पर आने के लिए तैयार हो गईं। पर उन्होंने भागीरथ से कहा कि यदि वे सीधे स्वर्ग से पृथ्वी पर गिरेंगीं तो पृथ्वी उनका वेग सहन नहीं कर पाएगी और रसातल में चली जाएगी।गंगा जैसे ही स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरने लगीं गंगा का गर्व दूर करने के लिए शिव ने उन्हें जटाओं में कैद कर लिया। वह छटपटाने लगी और शिव से माफी मांगी। तब शिव ने उसे जटा से एक छोटे से पोखर में छोड़ दिया, जहां से गंगा सात धाराओं में प्रवाहित हुईं। यह सुनकर भागीरथ सोच में पड़ गए। गंगा को यह अभिमान था कि कोई उसका वेग सहन नहीं कर सकता। तब उन्होंने भगवान भोलेनाथ की उपासना शुरू कर दी। संसार के दुखों को हरने वाले शिव शम्भू प्रसन्न हुए और भागीरथ से वर मांगने को कहा। भागीरथ ने अपना सब मनोरथ उनसे कह दिया। चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि डाकघर के द्वारा पूरे सावन मास में सभी शिवालय मंदिरों में स्पेशल काउंटर लगाया जाएगा और सभी कर्मचारियों एवं इससे लगे लोगों में काफी उत्साह है इस मौके पर सहायक डाक अधीक्षक शंभू प्रसाद निरीक्षक रामाशीष कुमार डाक निरीक्षक राहुल कुमार मुकेश कुमार अरविंद कुमार मनीष कुमार एवं तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी लगे हुए थे।

# सात दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, ग्रामीण महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखंड में हैंड इन हैंड इंडिया एवं बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड के सौजन्य से चलाए जा रहे सात दिवसीय चूड़ी एवं एलईडी बल्ब प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को किया गया। ग्रामीण महिलाओं के आजीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से दिनांक 16 जून से 22 जून तक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इन कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला में जोगियामारन पंचायत अंतर्गत सतगीर एवं हरैयाकोला गांव की 50 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला में ग्रामीण महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के चूड़ी एवं बाला को बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया साथ ही साथ एलईडी बल्ब की प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने एलईडी बल्ब इंस्टॉलेशन और मरम्मत का काम भी सीखा। इस अवसर पर कार्यक्रम संस्था के महाप्रबंधक रवि रंजन एवं परियोजना प्रबंधक निलेश कुमार द्वारा परिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाकर पूरे समाज को सशक्त किया जा सकता है, उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिला स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद प्रशिक्षण समन्वयक अरुण कुमार ने बताया की संस्था आने वाले एक वर्षों में 600 से अधिक महिलाओं के लिए कुल बारह प्रकार के निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मोबाइल रिपेयरिंग,टोटो ड्राइविंग, मशरूम उत्पादन, अगरबत्ती उत्पादन एवं बांस कला शिल्प जैसे कार्यशाला शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला मे अपने सात दिनों के अनुभव को साझा किया एवं संस्था को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया।मौके पर प्रशिक्षक अनिल कुमार व आसिफ राजा, संतोष कुमार, आनंदी कुमार, सुमित्रा कुमारी एवं रितेश कुमार मौजूद रहे।

# 24 जुलाई को आयोजित होगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा। आयोजित शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के निर्देशानुसार हो रहा है। यह शिविर आगामी 24 जुलाई 2024 यानि बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनर समाज के लोगों निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया जायेगा। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार शिविर में आये पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच करेंगे। यह जानकारी पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दिया।

# अमांवा इंटर विद्यालय में हुआ बड़ा घोटाला आरटीआई एक्टिविस्ट बिन्दा प्रसाद निराला

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखंड क्षेत्र के अमांवा इंटर विद्यालय में बड़े घोटाले की आशंका है। ऐसा आरटीआई के तहत बिन्दा प्रसाद निराला द्वारा मांगी गयी सूचना के तहत उपलब्ध कराये गये, दस्तावेज से प्रमाणित हो रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल है क्या इसकी जांच होगी एवं क्या दोषी से राशि की वसूली की जा सकेगी। प्रधानाध्यापक इंटर विद्यालय अमांवा द्वारा उपलब्ध कराए गए सूचना से प्रतीत होता है कि पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के द्वारा करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। सूचना के अधिकार के तहत निराला द्वारा दिनांक 15 जून 2024 को वित्तीय वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक प्रबंध करिणी समिति की छाया प्रति, छात्र कोष एवं विकास कोष में जमा एवं खर्च से संबंधित सूचना वित्तीय वर्ष 2011-12 से लेकर 2017-18 तक की मांग की थी। सूचना उपलब्ध नहीं करने पर दिनांक 17 जून 2024 को जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला के पास प्रथम अपील दायर किया गया था।जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रथम अपील पर सुनवाई करते हुए सूचना उपलब्ध कराने का आदेश 12 जुलाई 2024 को प्रधानाध्यापक इंटर विद्यालय अमाऊ को दिया था। इंटर विद्यालय अमांवा द्वारा जो सूचना उपलब्ध कराया गया, वह करोड़ों रुपया का बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रति एवं 2017-18 का प्रबंध कारणी समिति बैठक की छाया प्रति है। प्रधानाध्यापक द्वारा कहा गया कि पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार द्वारा करोड़ों रुपया खर्च से संबंधित कोई हिसाब नहीं मिला है। साथ ही वर्ष 2017-18 के पहले का प्रबंध कारणी समिति पंजी मुझे प्रभार में नहीं मिला है। इससे साफ प्रतीत होता है कि बैंक स्टेटमेंट के अनुसार राशि आई और खर्च भी हुई लेकिन खर्च का कोई विवरण प्रभार में इन्हें नहीं मिला और ना तो प्रबंध कारणी समिति की बैठक पंजी मिला, जिसके आधार पर राशि खर्च किया जाता है। पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के द्वारा करोड़ों रुपया राशि का गवन किया गया है। जिसे छिपाने के लिए विद्यालय के रिकॉर्ड को गायब कर दिया गया है। जिसकी जांच की आवश्यकता है।

# केवाली पंचायत में राजस्व कैम्प का किया गया आयोजन

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)**। नवादा डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के आदेश पर विभिन्न प्रकार के राजस्व कार्यो के त्वरित निष्पादन को लेकर 22 जुलाई से 03 अगस्त तक सभी राजस्व हल्कों में राजस्व कैम्प का आयोजन करने का आदेश प्राप्त है एवं कैम्प में ही राजस्व सम्बंधित आधार सीडिंग, राजस्व लगान वसूली, एलपीसी, ऑनलाइन दाखिलखारीज, परिमार्जन, ई-मापी, भूअतिक्रमण, भूमि विवाद समेत अन्य कार्यों के निष्पादन करना है। इसी कड़ी में सोमवार को केवाली हल्का में प्रभारी राजस्व अधिकारी सह राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार की देख-रेख में राजस्व कैम्प आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश पर 23 जुलाई को कौआकोल, 24 जुलाई को खड़सारी, 25 जुलाई को छबैल, 26 जुलाई को सोखोदेवरा एवं दरावां, 27 जुलाई को देवनगढ़, 29 जुलाई को नावाडीह, 30 जुलाई को पहाड़पुर एवं सरौनी, 31 जुलाई को पाण्डेयगंगौट, 01 अगस्त को पाली एवं लालपुर, 02 अगस्त को मंझिला तथा 03 अगस्त को महुडर हल्का में राजस्व कैम्प का आयोजन कर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कैम्प का लाभ उठाने की अपील किया है।

# बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों के साथ की बैठक

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में सोमवार को बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की गई। आयोजित बैठक में सीओ मनीष कुमार, एमओ राजीव कुमार समेत प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, स्वच्छता समन्वयक, स्वच्छता पर्यवेक्षक समेत मनरेगा के जेई, पंचायती राज विभाग के तकनीकी सहायक के अलावे अन्य कर्मी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से आयुष्मान भारत, पीएम जन आरोग्य योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित स्वच्छ्ता को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड को लेकर चर्चा किया गया।

# मलेरिया प्रभावित गांवों में शुरू हुआ डीडीटी छिड़काव कार्य

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)**। कौआकोल प्रखण्ड में मलेरिया रोग के खात्मे को लेकर जिला मलेरिया विभाग द्वारा पहल शुरु कर दी गई है। जिसके तहत सोमवार से प्रखण्ड के विभिन्न मलेरिया प्रभावित गांवों में डीडीटी छिड़काव कार्य शुरू किया गया। सोमवार को ही सोखोदेवरा आश्रम से डीडीटी छिड़काव दल के कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर मलेरिया प्रभावित विभिन्न गांवों में डीडीटी छिड़काव के लिए रवाना किया गया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लेखपाल इंद्रजीत कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने हरी झंडी दिखाकर छिड़काव दल के कर्मियों को रवाना किया। स्थानीय पर्यवेक्षक सह पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि कौआकोल प्रखण्ड में शुरुआती दो चरणों में 30 सितम्बर तक छिड़काव कार्य कराया जाएगा। छिड़काव दल में 3 श्रेष्ठ क्षेत्रीय कार्यकर्ता समेत कुल 18 कर्मियों को शामिल किया गया है। जो विभिन्न चिन्हित गांवों में घर-घर जाकर डीडीटी का छिड़काव करेंगे। मौके पर जिला स्तरीय पर्यवेक्षक सह जिला मलेरिया नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आफताब कलीम समेत जीएनएम के डॉ. भारत भूषण शर्मा, स्वास्थ्यकर्मी सुनील कुमार, छिड़काव कर्मी सूर्यदेव शर्मा, मुन्ना शर्मा, महेंद्र रविदास समेत अन्य लोग मौजूद थे। चिकित्सकों ने शत प्रतिशत घरों में कम्पलीट छिड़काव करने का निर्देश देते हुए कहा कि डीडीटी छिड़काव कार्य में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरुक करने की बात कही। चिकित्सकों ने डीडीटी छिड़काव को मलेरिया के रोकथाम के लिए कारगर बताया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## निरंकुश हुई महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर

खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़े भी आ गए हैं। हालांकि पिछले चार महीनों से थोक महंगाई में लगातार वृद्धि का रुख बना हुआ है, मगर जून महीने में यह सोलह महीनों के उच्च स्तर 3.36 फीसद पर पहुंच गई। अभी इसमें बहुत बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आ रही। बरसात को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि अगले महीने इसमें कुछ कमी दर्ज होगी। बताया जा रहा है कि जून में तेज लू चलने के कारण सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ी है। जून में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 10.87 दर्ज हुई। इनमें सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई। प्याज की कीमतों में 99.35 फीसद, आलू में 66.37 तथा अन्य हरी सब्जियों में 38.35 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। फलों की कीमतों में 10.14 फीसद, मोटे अनाज में 9.27, गेहूं में 6.25 और दालों की कीमतों में 21.64 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। स्वाभाविक ही इसका असर विनिर्मित खाद्य वस्तुओं पर भी पड़ा है। यह तब है जब जून में पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और बिजली की कीमतों में कमी दर्ज हुई। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब और सामान्य आय वर्ग के लोगों पर पड़ता है। सब्जियों और दालों की कीमतें बढ़ने से लोगों को अपने भोजन पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त में जब सब्जियों की नई फसल आनी शुरू होगी, तब महंगाई में कुछ कमी दर्ज होगी। इसी तरह मोटे अनाज और दलहन की नई फसल आने के बाद कुछ राहत मिलेगी। मगर यह तो तय है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौसम के मिजाज पर निर्भर करती हैं। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह मौसम का रुख कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल नहीं दिखाई दे रहा है, उसमें आने वाले समय में इसे लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। ऐसे में, फिर से यह जरूरत रेखांकित हुई है कि फसलों की सुरक्षा, भंडारण, शीतगृहों की क्षमता बढ़ाने आदि जैसे जरूरी उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। महंगाई पर काबू पाने के लिए केवल रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें पर्याप्त उपाय नहीं हैं।

## मौसम का कहर और बाढ़ की त्रासदी

देश के कई इलाकों में इन दिनों लोगों को भारी बरसात की वजह से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़नी पड़ रही है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में मानसून के बादल बरसने में संकोच कर रहे हैं। नतीजतन, उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में सवाल है कि आखिर मौसम प्रणाली में इस कदर असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है? भारतीय मौसम विभाग की ताजा रपट में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में इस वर्ष जून का महीना 31.73 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान के साथ वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा है। इस बीच, दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रेकार्ड टूट गया। उसके बाद हल्की बारिश ही हो रही है, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बादल फटने और मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पिछले दो-तीन सप्ताह में कई लोगों की जान जा चुकी है। मौसम के इस बदलते मिजाज के पीछे जलवायु परिवर्तन को कारण माना जाता है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास की ताजा रपट के मुताबिक, मौसम में आ रहे बदलाव जलवायु परिवर्तन के खतरों का संकेत हैं। बढ़ती वैश्विक तपिश से भविष्य में और भी भयावह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के पीछे कार्बन उत्सर्जन का बड़ा योगदान है। दरअसल, पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन बहुत तेजी बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। हवा में बढ़ते 'एयरोसोल सल्फेट' की मात्रा भी धरती का तापमान बढ़ा रही है, जिससे अरब और हिंद महासागर का तापमान बढ़ रहा है और इससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में साफ है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत समेत दुनिया भर में हो रहे प्रयासों को गति देने की जरूरत है। तभी मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का असर कम हो पाएगा।

# तकनीकी आजादी की ओर बढ़े भारत

**(भाविश अग्रवाल, सीईओ, ओला कैब्स)**

पिछले दस साल में भारत की जीडीपी लगभग दोगुनी होकर 3.5 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है। हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एक हैं। हमारा लक्ष्य है, 2047 तक भारत विकसित देश बने। अगर हम अपनी आर्थिक विकास दर को आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर लें, तो भारत 50 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। दुनिया भर में तकनीक तेजी से विकसित हो रही है, खासकर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और नई ऊर्जा के क्षेत्र में। हमारे समकक्ष देश, जैसे चीन, नई तकनीक में भारी निवेश कर रहे हैं, पारंपरिक उद्योगों में बदलाव ला रहे हैं और नए क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत के विकास और प्रतिस्पर्द्धा में आगे रहने के लिए हमें एआई और नई ऊर्जा जैसी तकनीक को प्राथमिकता देनी होगी। इससे हमारी पूरी अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आ सकता है। ध्यान रहे, साल 1947 में हमने अपनी राजनीतिक आजादी पाई थी और साल 2047 में हमें अपनी तकनीकी आजादी हासिल करनी है। हमें तकनीकी उन्नति के लिए अपनी खुद की रणनीति बनानी होगी। अपने देश में तकनीक का यह उपयोग सिर्फ आर्थिक विकास के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव के लिए भी होना चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था काफी हद तक डिजिटल हो चुकी है, लेकिन कंप्यूटिंग में हमारी भागीदारी अभी भी बहुत कम है। आईटी सेवाओं में हमारी बड़ी सफलता के बावजूद 30 ट्रिलियन डॉलर की ग्लोबल टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में भारत का हिस्सा सिर्फएक प्रतिशत है। यहां निवेश की बड़ी जरूरत है। भारत अभी भी अनोखी ताकतों से लैस है। विश्व के सबसे बड़े डेवलपर समुदाय में से एक भारत में है। वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक सिलिकॉन डिजाइनर, विशाल मात्रा में उत्पन्न डाटा,और दुनिया का सबसे बड़ा आईटी उद्योग हमें एआई में अग्रणी बनाने की स्थिति में लाते हैं। हम एआई महाशक्ति में बदल सकते हैं। ठीक वैसे ही, जैसे चीन ने वैश्विक विनिर्माण के क्षेत्र में क्रांति ला दी। एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भारत को डाटा, कंप्यूटिंग और एल्गोरिदम में विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहिए। भारत दुनिया का 20 प्रतिशत डाटा बनाता है, लेकिन हमारा 80 प्रतिशत डाटा विदेश में स्टोर किया जाता है, एआई में प्रोसेस किया जाता है और फिर डॉलर में भुगतान करके वापस आयात किया जाता है। यह डाटा कॉलोनाइजेशन ईस्ट इंडिया कंपनी के तौर-तरीकों की याद दिलाता है, जहां भारत के कच्चे माल का दोहन करके, उन्हें प्रसंस्कृत उत्पाद के रूप में महंगे दामों पर भारतीयों को बेचा जाता था। आज, हमारे डिजिटल कच्चे माल, यानी डाटा का इसी तरह से लाभ उठाया जा रहा है। हमें अपने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके गोपनीयता-संरक्षित डाटासेट बनाना चाहिए। हम अपनी डीपीआई की सफलता (जैसे, यूआईडीएआई, यूपीआई, ओएनडीसी) पर आधारित होकर एक नई, दुनिया की सबसे बड़ी ओपन-सोर्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बना सकते हैं, जो भारत के सिद्धांतों पर आधारित हो। बेशक, साल 2030 तक 50 गीगावाट डाटा सेंटर की क्षमता पाने के लिए 200 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। यह हासिल करने योग्य लक्ष्य है। भारत सिलिकॉन डेवलपमेंट और डिजाइन टैलेंट के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र है। फिर भी, हमारे पास भारत में डिजाइन किए गए चिप्स की कमी है। हमें इंडस्ट्री लीडिंग चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स और रिसर्च-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से सरकारी प्रोत्साहन की जरूरत है, ताकि रोजगार बढ़े, भारत में काम करने के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभाओं और बेहतरीन वैज्ञानिकों को आकर्षित किया जा सके। पर्याप्त रोजगार वाले विकसित भारत के लिए नई ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और तकनीक का भी विकास होना चाहिए। वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य बदल रहा है। भारत को इस बदलाव में सबसे आगे रहना चाहिए। नई ऊर्जा का पूरा इकोसिस्टम तीन स्तंभों पर टिका है - रिन्यूएबल एनर्जी जेनरेशन, बैटरी स्टोरेज और इलेक्ट्रिक वाहन। रिन्यूएबल एनर्जी का मतलब अक्षय ऊर्जा में भारत की ताकत बढ़नी चाहिए। भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 2014 में 72 गीगावाट से बढ़कर 2023 में 175 गीगावाट से ज्यादा हो गई है। सोलर एनर्जी क्षमता 3.8 गीगावाट से बढ़कर 88 गीगावाट से ज्यादा हो गई है। वैसे, हम इस मोर्चे पर पीछे हैं। हमें 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर ध्यान देना चाहिए। अक्षय ऊर्जा को प्रभावी बनाने के लिए हमें इसे मजबूत बैटरी स्टोरेज से जोड़ना होगा। अभी हमारी बैटरी स्टोरेज क्षमता सिर्फ दो गीगावाट है, जबकि चीन की 1,700 गीगावाट है। अपने अक्षय ऊर्जा ग्रिड को पावर देने और 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन के लक्ष्य को पाने के लिए 1,000 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य रखना होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों की बात करें, तो भारत में अभी प्रति 1,000 लोगों पर 200 से भी कम इलेक्ट्रिक वाहन हैं। चीन के तीन करोड़ की तुलना में भारत में हर साल सिर्फ बीस लाख ईवी बेचे जाते हैं। भारत को साल 2030 तक पांच करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा ईवी बाजार बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। यह बदलाव पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगा, परिवहन लागत को कम करेगा। वर्तमान में, सौर ऊर्जा उत्पादन, लिथियम सेल उत्पादन और ईवी उत्पादन जैसे न्यू एनर्जी इकोसिस्टम का 90 प्रतिशत हिस्सा चीन में है। अपनी खुद की तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला बनाकर हम अपनी अर्थव्यवस्था को अधिक ऊर्जा-कुशल बना सकते हैं और देश में लाखों नौकरियां पैदा कर सकते हैं। भविष्य की तकनीकों में महारत हासिल करना ही भारत के लिए ग्लोबल लीडरशिप का रास्ता है। हमें पीछे नहीं रहना है, बल्कि समकक्षों को पीछे छोड़कर एआई और नई ऊर्जा के क्षेत्र में लीडर बनना है। यह भारत को दुनिया में तकनीकी रूप से सबसे उन्नत अर्थव्यवस्था में बदलने का मौका है। सबसे बड़ी बात कि इससे देश में करोड़ों नई नौकरियां पैदा होंगी। इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें समाज के सभी तबकों के एकजुट प्रयास की जरूरत है। जिस तरह हर भारतीय ने स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका निभाई थी, उसी तरह अब हमारे तकनीकी भविष्य के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका है। यह साहसिक कदम उठाने और बड़े सपने देखने का समय है। हमें तत्काल काम शुरू करना होगा, ताकि हम उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

*पर्याप्त रोजगार वाले विकसित भारत के लिए नई ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और तकनीक का भी विकास होना चाहिए। वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य बदल रहा है। भारत को इस बदलाव में सबसे आगे रहना चाहिए। नई ऊर्जा का पूरा इकोसिस्टम तीन स्तंभों पर टिका है - रिन्यूएबल एनर्जी जेनरेशन, बैटरी स्टोरेज और इलेक्ट्रिक वाहन। रिन्यूएबल एनर्जी का मतलब अक्षय ऊर्जा में भारत की ताकत बढ़नी चाहिए।*

# बाबा साहेब को भूलकर फर्जी बाबाओं के चक्कर में समाज

**(श्यौराज सिंह 'बेचैन', प्रोफेसर, दिल्ली विवि)**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में आंबेडकरवादी, लोहियावादी, दलित-पिछड़ा वर्ग राजनीति, दलित साहित्य और अन्य पिछड़ा व बहुजन साहित्य की नाकामी का बहुत बड़ा प्रमाण उपस्थित हुआ, जिस पर चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है। इस त्रासदी को भूलना मुश्किल है। सूरजपाल जाटव उर्फ साकार हरि 'बाबा' के तथाकथित सत्संग में आखिर 121 मौतें कैसे हो गईं?सबसे त्रासद यह कि अधिसंख्य मौतें दलित व अतिपिछड़े समाज की महिलाओं और नाबालिग बच्चों की हुई हैं। ज्यादातर मृतक महिलाएं ऐसे परिवारों से ताल्लुक रखती थीं, जिनमें बाबा साहेब आंबेडकर की शिक्षाओं की चर्चा होती है। गौर करने की बात है कि साल 1990 के बाद से ही बहुतों के घरों में बाबा साहेब की तस्वीरों के बरक्स नाना प्रकार के कथित बाबाओं की तस्वीरें प्रवेश पाने लगी हैं। आज जगह-जगह बाबा साहेब और गौतम बुद्ध की प्रतिमाएं स्थापित हैं, पर इनका कोई प्रभाव वंचित जातियों में दिखाई नहीं देता है। पढ़े-लिखे अफसर और अनेक दलित नेता या तो राजनीतिक सत्ता की बात करते हैं या फिर कथित बाबाओं के लिए चंदा जुटाते दिखते हैं। अफसोस, बड़ी संख्या में ऐसे वंचित लोग हैं, जो बाबा साहेब की न तो किताबें पढ़ते हैं और न ही उनकी शिक्षा को याद करते हैं। वरिष्ठ नेता कांशीराम ने एक समय दावा किया था कि हमने बसपा के बहुजन संगठक पत्र और बहुजन प्रचार के जरिये बाबा साहेब के विचारों को उत्तर प्रदेश के घर-घर में पहुंचाया है, जबकि वह प्राथमिक शिक्षा भी ग्रामीण दलित महिलाओं तक नहीं पहुंचा पाए थे। ध्यान देने की बात है, सन् 1956 में बाबा साहब ने जब बौद्ध धर्म अपनाया, तब महाराष्ट्र की अल्पशिक्षित व अशिक्षित महिलाओं ने अपने-अपने घर से आडंबरी बाबाओं की तस्वीरें और मूर्तियां निकाल बाहर फेंक दी थीं और आंबेडकरी विचार-प्रचार के लिए समर्पित संस्थाओं, व्यक्तियों, मलाईचाटू अफसरों और नेताओं को आत्म-विश्लेषण के लिए मजबूर कर दिया था। हाथरस हादसे के हवाले से अगर सोचें, तो प्रभावहीनता, नाकामियां कहां हैं? जिम्मेदार कौन हैं? दलित साहित्य चेतना और दलित राजनीति ने तथाकथित बाबाओं के आडंबरों से दलित समाज को दूर तो किया है, पर वह खालीपन न तो शिक्षा से भरा गया, न रचनात्मक सांस्कृतिक क्रियाकलाप उन तक पहुंच पाए। ज्ञान की सत्ता और विचारों की प्रगति के बारे में सोचा भी नहीं जाता है। ऐसे में, दलितों और महिलाओं की स्थिति सबसे खराब हो जाती है। आज फर्जी बाबाओं के चक्कर लगाने वालों में दलितों और महिलाओं की बड़ी संख्या है। भगदड़ की स्थिति में यही लोग ज्यादा मारे जाते हैं। अंधविश्वास के चंगुल में आकर जो लोग मारे गए हैं, उनकी पृष्ठभूमि पर जरूर गौर करना चाहिए। ढोंगी बाबाओं के पास जाने वाले लोग अपनी तर्क-बुद्धि से काम क्यों नहीं लेते? अंधविश्वासों के सहारे तरक्की की सीढ़ियां क्यों चढ़ना चाहते हैं? महाराष्ट्र में एक समय हजारों महिलाएं ढोंगी बाबाओं के आभामंडल को झटक बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर बढ़ीं और उन्होंने अपने परिवारों को भी सुधारा। उन पर हमने भी इतिहास रचा है (आम्ही इतिहास गढ़वला) शीर्षक से मीनाक्षी मून और उर्मिला पवार के संपादन में एक खास पुस्तक प्रकाशित हुई थी, जो आज भी महिला जागृति का बहुमूल्य दस्तावेज है। उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में राजनीति ने दलितों और महिलाओं को बहुत ऊंचे सपने दिखाए हैं और खासकर दलित स्त्री-समाज को साहित्य, संगीत, कला विहीन रखकर उनके बौद्धिक विमर्श को रसातल में पहुंचा दिया है। संत कबीर, रैदास से लेकर आज तक अनेक शीर्ष दलित लेखक, संत उत्तर प्रदेश में पैदा हुए हैं, पर तब भी यहां किसी ढोंगी बाबा को लोग ईश्वर मानने लगते हैं। आंबेडकरवादी दलित लेखकों को लगता था कि उनकी कविताओं, कहानियों, लेखों ने असर डाला है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5439

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5438

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5439

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | 20 | ■ | | | | ■ | |
| 22 | | 23 | ■ | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | | ■ | 26 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह चीनी जनवादी गणराज्य की राजधानीर है जिसे बीजिंग भी कहा जाता है (4)
4. समझौता, संधि (3)
6. निशा, विभावरी, रजनी (2)
7. रात्रि को यह भी कहते है (3)
9. यह देश जंबूद्वीप के दक्षिण पश्चिम खंड में स्थित देश है (3)
11. चुनौती (4)
13. रूपवती स्त्री, सुंदर स्त्री (4)
15. दार्शनिक प्रणाली, राय (2)
17. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
18. गर्व, फख्र, घमंड (2)
19. बहुत बड़ा हथौड़ा, घनसार (2)
21. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
22. मुश्किल, कठिन (3)
24. शत्रु, बैरी, दुश्मन (2)
25. संसार, जगत, दुनिया, जग (2)
26. पहरेदार, रखवाला, द्वारपाल (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. पेरने की मजदूरी, पेरने की क्रिया (3)
2. इठलाना, ऐंठना (4)
3. पटना से करीब 90 किमी.दक्षिण में एक पुण्य स्थान जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
4. पहने रेडियों उद्घोषक फिर अभिनेता ओर अंत में राष्ट्रीय स्तर के नेता रहे जिनका निधन 25 मई 2005 को हुआ (सिर्फ नाम)(3)
5. पुरानी फिल्मों के गीतकार जो शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)
8. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला (5)
10. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
12. हसरत, आरजू, तमन्ना, वांछा (3)
14. मेघ, बादल (3)
16. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
20. पंचतत्वों मे से एक, आकाश, अंबर (2)
23. भास्कर, दिपपति, दिनकर (2)
24. परंपरा, वास्तविक, ईश्वरीय विधान (2)

### वर्ग पहेली 5438 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | क्ष | क | दि | व | स | ■ | ■ |
| व | य | ■ | वा | र | दा | त | ■ |
| प्रि | ■ | प | क | ना | ■ | ला | ल |
| या | द | गा | र | ■ | भू | त | ल |
| ■ | न | र | ■ | ल | क | ल | क |
| वा | द | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ना |
| प | ना | ह | दे | ना | ■ | ना | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | भू | टा | न |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ के योग बने हैं। आपकी आमदनी बढ़ेगी और पूरा दिन किसी प्रकार की विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन बदल सकता है और आप निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। सावधानी से वही काम करें जिसके पूरा होने की उम्मीद हो, वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### वृष
आज दिन काफी बिजी रहेगा और आपका पूरा दिन काफी बिजी रहेगा। व्यापार और व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपको दोपहर तक अपना सारा जरूरी काम पूरा कर लेना चाहिए। आपको धन के निवेश को काफी सोचकर करने की सलाह है। अपने काम पर ध्यान दें। और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

### मिथुन
आज दिन शुभ योग से सजा होगा और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिल रहा है। शनि की शुभ दृष्टि से आपका दिन लाभ से भरा होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपको उत्तम प्रकार की धन सम्पत्ति प्राप्त होने के योग हैं। व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे।

### तुला
आज दिन काफी बिजी रहेगा और पूरे दिन दौड़भाग करते रहेंगे। आज किसी मामले में आपकी चिंता दूर होगी। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। अतिथि और मेहमान भी आ सकते हैं और आपका काम और खर्च दोनों बढ़ सकता है। किसी से लेनदेन न करें और कुछ नया निवेश करने से पहले सोचविचार कर लें।

### वृश्चिक
आज दिन लाभ से भरपूर रहेगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। इसमें कुछ खर्च भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार प्राप्त होगा और आपके लिए लाभ के योग बने हैं। बहुत समय से रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करेंगे तो आपको लाभ होगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए धन में वृद्धि का दिन है। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बने हैं। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं। आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होगा।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपको करियर में कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा और किस्मत आपका साथ देगी। धन के मामले में फालतू खर्च से बचें। वरना आपको लेने के देने पड़ सकते हैं। शेयर बाजार में धन का निवेश करने से बचें।

### सिंह
आज धन लाभ का दिन है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्ति के योग बने हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि पैदा होगी और आपको किसी यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपको लाभ होगा। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### कन्या
आज दिन आनंद से भरा होगा। करियर और कारोबार में आपके लिए लाभ के योग बने हैं। आपको किसी निकट मित्र की सलाह और सहयोग से लाभ होगा। आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। आपके लिए धन में वृद्धि के योग बने हैं।

### मकर
आज दिन सम्मान से भरा होगा और आपके लिए धन में वृद्धि के योग बने हैं। आज के दिन आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और दिन सुख समृद्धि से भरा होगा। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी और आपको करियर में विशेष लाभ होगा। आपको दोस्तों के सहयोग से लाभ की प्राप्ति होगी।

### कुंभ
आज दिन रुपये-पैसे के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोषवृद्धि हो सकती है। अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। इससे कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी। आपको करियर में लाभ होगा और हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

### मीन
आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा और आपको कुछ जरूरी कार्य पूर्ण करने पड़ सकते हैं। सबका सम्मान करें। नौकरी और कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही आज लाभकारक होगा। बहस व टकराव से बचें। अपने काम पर फोकस करें और बिना वजह किसी के साथ विवाद में न पड़ें। आपके लिए लाभ सम्मान से भरा दिन होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### बंदी के बावजूद गुजरात की जेल में चल रहा जाम, शराब के नशे में मिले 6 कैदी



**अहमदाबाद, एजेंसी।** जब आप सुनते हैं कि किसी प्रदेश में शराब पर प्रतिबंध लगा है तो इससे क्या समझते हैं? यही ना कि प्रदेश में शराब नहीं मिलती होगी। जी हां, आप सही समझते हैं। लेकिन जब बात गुजरात की आई है तो मामला उलट गया है। यहां शराब बंदी के बावजूद किसी आम जगह पर नहीं बल्कि जेलों में भी शराब और उसका सेवन करने वाले लोग मिल जाएंगे। ऐसा ही मामला रविवार को गुजरात के गांधीधाम की जेल से सामने आया है। गुजरात की एक जेल में पुलिस द्वारा अचानक की गई छापेमारी में शराब, मोबाइल फोन और नकदी सहित अन्य प्रतिबंधित चीजें बरामद की गईं, जबकि छह कैदी नशे में पाए गए। इस घटना के सामने आने के बाद 4 जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि गांधीधाम की गलपादर जिला जेल में छापेमारी के बाद हत्या के मामलों में गिरफ्तार कुछ खूंखार अपराधियों समेत नौ कैदियों पर मद्य निषेध अधिनियम और कैदी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि जिला पुलिस की टीमों को शराब से भरी एक बोतल, चार मोबाइल फोन और 50,000 रुपये नकद मिले हैं। कच्छ (पूर्व) के पुलिस अधीक्षक सागर बाघमार ने बताया कि रात में अचानक की गई छापेमारी में कुछ खूंखार अपराधियों सहित कैदियों के पास से मोबाइल फोन, शराब और नकदी जैसी प्रतिबंधित चीजें बरामद की गईं। इस दौरान कुछ कैदी नशे में भी पाए गए। उन्होंने बताया कि इन कैदियों के खिलाफ कच्छ के ए डिवीजन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि ये वस्तुएं जेल बैरकों के अंदर किस माध्यम से पहुंचीं। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान छह कैदी नशे में पाए गए। पुलिस के अनुसार उन पर मद्य निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जेलर एल वी परमार और चार अन्य जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

### सर्जरी के दौरान अंदर ही छोड़ दी सूई, अब अस्पताल और डॉक्टरों पर ठोका जुर्माना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सर्जरी के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही के मामले अकसर सामने आते रहते हैं। बेंगलुरु के एक अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने एक सूई महिला की रीढ़ की हड्डी में ही छोड़ दी। कर्नाटक कंज्यूमर फोरम ने डॉक्टरों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक 2004 में महिला ने दीपक अस्पताल में रीढ़ की सर्जरी करवाई थी। इसी दौरान डॉक्टरों ने गलती से सूई अंदर ही छोड़ दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक 46 साल की पद्मावती को पेट और पीठ में भयंकर दर्द होता था। 6 साल तक उन्होंने इस दर्द को बर्दाश्त किया और फिर एक अन्य अस्पताल में सर्जरी करवाई। इस सर्जरी में रीढ़ की हड्डी के पीछे से सूई निकाली गई। मामला जब कंज्यूमर फोरम पहुंचा तो दीपक अस्पताल और दो डॉक्टरों को पद्मावती को 50 हजार रुपये का कानूनी खर्च देने का आदेश दिया गया। इसके अ लावा अब अस्पताल में लापरवाही के खतरों के लिए बीमा करने वाली कंपनी इंडिया अश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 5 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। ऐसा ही एक मामला भोपाल केयर अस्पताल में सामने आया था। यहां एक महिला की सर्जरी के दौरान कैंची पेट में ही छोड़ दी गई थी। इसकी जानकारी चार महीने बाद हुई। जब एक्सरे कराया गया तब पता चला कि पेट में कैंची है। इसके बाद दोबारा ऑपरेशन करके इस कैंची को निकाला गया। दरअसल महिला ने अस्पताल में ट्यूमर का ऑपरेशन करवाया था। पेट में कैंची होने की वजह से महिला के शरीर में संक्रमण फैलने लगा।

# 132वीं नारायणी गंडकी महाआरती का भव्य आयोजन

निज संवाददाता



**वाल्मीकिनगर।** भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित संगम तट के बेलवा घाट परिसर में आषाढ़ पूर्णिमा एवं गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर 132 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि साधक बालक दास बाबा, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत राज जीमरी नौतनवां के मुखिया खूब लाल बड़घड़िया, निर्माता एचेल थारू, समाजसेवी संगीत आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी, अभिनेता सोनू चौधरी, यूट्यूबर जयदेव कुमार, निर्माता अरविंद अकेला, सिपाही रोशन कुमार, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, सत्येंद्र सिंह, एवं सुमन देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि साधक बालक दास ने कहा कि आज की महा आरती गुरु पूर्णिमा पर केंद्रित है। आज का दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा अर्चना के लिए विशेष माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि आषाढ़ पूर्णिमा को पवित्र नदी में स्नान करने से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। मित्र देश नेपाल के त्रिशूली नदी में लैंड स्लाईड की चपेट में आए बस हादसे में काल के गाल में समा गए 63 यात्रियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उपस्थित भक्तों ने 2 मिनट का मौन रखा। उपस्थित भक्तों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि मुखिया खूबलाल ने कहा कि गंडक नदी के संगम तट पर महा आरती का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। इस महा आरती कार्यक्रम द्वारा प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करने का संकल्प लिया जाता है। निर्माता एचेल थारू ने कहा कि हर दिन लावारिस दिव्यांग जनों को एस एस एस ट्रस्ट द्वारा भोजन प्रदान किया जाता है। विभिन्न महा आरती कार्यक्रमों में दूर-दूर के पर्यटक भी भाग लेते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर वाल्मीकि नगर को भी लाना इस महा आरती का उद्देश्य है। कुमारी संगीता ने कहा कि मानवता और पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के निमित्त संस्था का हर अभियान और कार्यक्रम काबिले तारीफ है। यूट्यूबर सोनू चौधरी एवं जयदेव कुमार ने कहा कि नवोदित प्रतिभाशाली कलाकारों को इस मंच के माध्यम से एक बड़ा प्लेटफार्म दिया जा रहा है। समाज सेवी संगीत आनंद ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं होता, उसका जीवन शुरू नहीं होता। समस्त गुरुजनों को हम गुरु पूर्णिमा के मौके पर चरण स्पर्श करते हैं। भजन गायक नंद महतो, हिरवंती देवी, राजा कुमार, हिरिमती देवी, एवं चंद्रावती देवी ने समवेत स्वर में कई भजनों को प्रस्तुत किया। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा पूजा और हवन के माध्यम से विश्व शांति की कामना की। रुद्र नेचुरल शहद एवं साबुन उद्योग के सत्येंद्र सिंह और सुमन देवी को रोज़गार सृजन हेतु सम्मानित किया गया। मुखिया खूब लाल बड़घड़िया को सप्त चंडी ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बालकदास बाबा ने नारायणी गंडकी सम्मान से सम्मानित किया। कुमारी संगीता, निर्माता एचेल थारू, समेत कई विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मानित किए गए। संयुक्त रूप से सभी भक्तों ने मिलकर अंग वस्त्रम द्वारा साधक बालक दास बाबा को सम्मानित किया, और गुरु पूर्णिमा की सार्थकता को सिद्ध किया। संचालन संगीत आनंद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन थरुहट के सोनू चौधरी एवं जयदेव कुमार ने किया। स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। इस मौके पर दिनेश पटवारी, चंदेश्वर महतो, बलिराम पटेल, शिव शिष्या पिंकी देवी, सीताराम शर्मा, कामेश्वर श्रीवास्तव, सिपाही रोशन कुमार, गायक नंद महतो, चंद्रावती देवी, मानती देवी, जानकी देवी एवं तूफानी ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में स्वरांजलि सेवा संस्थान को गतिमान बनाए रखने में समय-समय पर सहयोग प्रदान करने हेतु धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज काठमांडू नेपाल, वर्ल्ड मीडिया विजन के सीईओ राजेश गुप्ता नई दिल्ली, राव एमआरआई सेंटर गोरखपुर, फौजी विद्यासागर राणा, नवरत्न प्रसाद, जगदीश प्रसाद, विजय कुमार शगुन श्रृंगार स्टोर, रूप मिलन, मुखिया एवं कलाकार खूब लाल बड़घड़िया, पीडीएस संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, किशोर कुमार ,प्रदीप कुमार, दीपक राम, राजेश यादव एवं समाजसेवी शमीम सर आदि के प्रति आभार प्रकट किया गया। शांति मंत्र द्वारा कार्यक्रम को विराम दिया गया।

## सीएम सुक्खू का फर्जी पीएसओ बन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को करने लगा फोन, एफआईआर दर्ज

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का फर्जी निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) बनकर एक शख्स द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फोन कॉल करने का मामला सामने आया है। आरोपित शख्स खुद को मुख्यमंत्री का पीएसओ बताकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए धौंस जमा रहा था।

इसका खुलासा तब हुआ, जब मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पीएसओ अभिषेक शर्मा तक यह बात पहुंची। उन्होंने आरोपी को फोन कर जब उससे बात की, तो वह भी दंग रह गए, क्योंकि आरोपी ने उन्हें भी अपना परिचय मुख्यमंत्री के पीएसओ के तौर पर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री के पीएसओ अभिषेक शर्मा ने आरोपी के खिलाफ छोटा शिमला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई। शिमला पुलिस अब आरोपि को तलाश कर उसकी गिरफ्तारी में जुट गई है। पुलिस आरोपी की मोबाइल सीडीआर खंगाली जा रही है। सीए सुक्खू के पीएसओ अभिषेक शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि दिनांक 12 जुलाई को उन्हें कांग्रेस पार्टी के एक कार्यकर्ता का फोन आया और उन्होंने जानकारी दी कि एक शख्स कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कॉल कर रहा है और खुद को मुख्यमंत्री सुक्खू के पीएसओ अभिषेक शर्मा के रूप में पेश कर रहा है। साथ ही आरोपी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए रौब जमा रहा है। अभिषेक शर्मा ने शिकायत में बताया कि उन्होंने जब उपरोक्त मोबाइल नंबर पर बात की तो उस शख्स ने उन्हें भी बताया कि वह मुख्यमंत्री का पीएसओ अभिषेक बोल रहा है और मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के गांव बेला का रहने वाला हूं।

## मुठभेड़ में ताजिया विवाद के दो आरोपी गिरफ्तार, जल्द गरजेगा बुलडोजर; जमींदोज होंगे 16 निर्माण

**बरेली, एजेंसी।** यूपी के बरेली के शाही में ताजिया निकालने के दौरान हुए विवाद की रंजिश में बवाल कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को कड़ा सबक सिखाने की तैयारी है। पुलिस-प्रशासन ने बवाल के आरोपियों के एक धर्मस्थल और मकान समेत 16 अवैध निर्माण चिह्नित कर उस पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। साथ ही, मुठभेड़ में दो उपद्रवी गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें से एक के पैर में गोली लगी है।

शाही के गौसगंज गांव में 17 जुलाई को ताजिया निकालने के दौरान मंदिर के सामने ढोल बजाने से मना करने की रंजिश में शुक्रवार रात समुदाय विशेष के आरोपियों ने सुनियोजित साजिश के तहत बवाल कर दिया। इसके लिए दिन में ही रामपुर, मीरगंज, देवरनिया, सीबीगंज से लोगों को बुलाकर एकत्र किया गया। फिर रात में रूपचंद के घर की खिड़की से महिलाओं पर लेजर लाइट डालकर उकसाया और विरोध करने पर हमला कर दिया।

इस दौरान कुंदन लाल वर्मा, सोमपाल वर्मा, मोहन लाल वर्मा, जयप्रकाश लोधी आदि के घरों में तोड़फोड़ की गई। कई लोग घायल भी हो गए। पीड़ित पक्ष और पुलिस की ओर से 60 नामजद समेत 80 के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कर 33 आरोपियों को शनिवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। शनिवार देर रात पुलिस ने गौसगंज निवासी आलमगीर और निजाकत अली की बिहारीपुर के जंगल में घेराबंदी की तो दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की कार्रवाई में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आलमगीर के पैर में गोली लगी है। मीरगंज तहसील की राजस्व टीम ने रविवार को गौसगंज जाकर उपद्रवियों के मकान की जांच की। इस दौरान एक धर्मस्थल और 15 मकान समेत 16 निर्माण अवैध चिह्नित कर लाल निशान लगाए हैं।

# फोन टैपिंग मामले में अशोक गहलोत की बढ़ सकती है मुश्किलें



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार के खिलाफ मुकदमा वापस ले लिया है। गजेंद्र सिंह शेखावत फोन टैपिंग मामले में मुकदमा वापस लिया है।सुप्रीम कोर्ट में मामले की जांच को लेकर दायर याचिका राजस्थान सरकार ने वापस ली। अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि इस मुकदमे में कोई मेरिट नहीं है। इसे वापस लिया जाना चाहिए है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के द्वारा प्रकरण में सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। जहां मामले की जांच दिल्ली पुलिस की जगह राजस्थान पुलिस से करवाने को लेकर याचिका दायर की गई थी।

उल्लेखनीय है कि साल 2020 में जुलाई-अगस्त महीने में अशोक गहलोत की सरकार अस्थिर हो गई थी, जिसमें तत्कालीन डिप्टी सीएम सचिन पायलट गुट के बीच कलह सामने आई थी। सचिन पायलट अपने खेमे के 19 विधायकों के साथ मानेसर में कैंप कर रहे थे। इस दौरान कुछ ओडियो वायरल हुआ था। यह खरीद फरोख्त जैसे बातों से जुड़ा था। इसमें गजेंद्र सिंह चौहान का नाम भी शामिल हुआ था। जिसके बाद उन्होंने अशोक गहलोत के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। राजस्थान के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने अब एक आवेदन दायर कर कहा है कि इस मुकदमे में अब कोई दम नहीं है। इसे वापस लेने की सिफारिश की है। उन्होंने ये भी कहा है कि दलीलों, अभिलेखों और मामले के समग्र तथ्यों सहित, परिस्थितियों की जांच करने के बाद, मुकदमा कायम नहीं रह पाता और इसे आगे बढ़ाने से कोई प्रभावी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसलिए न्याय के हित में और माननीय न्यायालय का बहुमूल्य समय बचाने के लिए राज्य सरकार ने मुकदमा वापस लेने का निर्णय लिया है।फोन टैपिंग के मामले में गजेंद्र सिंह शेखावत ने अशोक गहलोत पर केस दर्ज कराया था। वहीं फोन टैपिंग के मामले में अब भी फैसला आना बाकी है। इस मामले में सितंबर में सुनवाई हो सकती है। वहीं केंद्र की एजेंसी को जांच से रोकने के लिए किया गया मुकदमा वर्तमान सरकार ने वापस ले लिया है।

# सीएम ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

- नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से जिलाधिकारी नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून से फोन के माध्यम से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत और पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली।

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हर समय अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिये कि वे निरन्तर जिलाधिकारियों से समन्वय बना कर रखें। नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से जिलाधिकारी नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून से फोन के माध्यम से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत और पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण यातायात बाधित न हो, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र खुलवाया जाए। जल भराव की स्थिति में निकासी की उचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि नदियों के जल स्तर बढ़ने की स्थिति में नदी किनारे एवं अन्य संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिये कि हर जिले की अतिवृष्टि की स्तिथि पर निरन्तर नज़र बनाए रखें। जिलों के साथ परस्पर समन्वय स्थापित करें, ताकि किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटा जा सके। राज्य के विभिन्न संवेदनशील इलाकों, अत्यधिक बारिश एवं आपदा ग्रस्त वाले इलाकों को लेकर भी विशेष नज़र बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को लेकर किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। रिस्पांस टाईम कम से कम रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। इस अवसर सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव आनन्द स्वरूप एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बीकेटीसी में सुरक्षा संवर्ग और आईटी संवर्ग के लिए 58 पदों के सृजन की स्वीकृति

निज संवाददाता



**देहरादून।** शासन ने श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) में सुरक्षा संवर्ग और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संवर्ग के लिए पदों के सृजन की अनुमति दे दी है। सुरक्षा संवर्ग में 57 व आईटी संवर्ग में एक पद सृजित किया गया है। संस्कृति व धर्मस्व सचिव हरिचंद्र सेमवाल की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुरक्षा संवर्ग का प्रमुख मुख्य मंदिर सुरक्षा अधिकारी कहलाएगा। यह पुलिस के उपाधीक्षक रैंक का अधिकारी होगा, जिसे नागरिक पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र बल अथवा अर्ध सैनिक बल से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगा। मुख्य मंदिर सुरक्षा अधिकारी के नीचे दो मंदिर सुरक्षा अधिकारियों के पद सृजित किये गए हैं। यह इंस्पेक्टर रैंक के होंगे। सब इन्स्पेक्टर रैंक के चार उप मंदिर सुरक्षा अधिकारी होंगे। ये सभी पद प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। इसके अलावा आउटसोर्स के माध्यम से 10 मुख्य मंदिर रक्षक और 40 मंदिर रक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। आईटी संवर्ग के लिए शासन ने बीकेटीसी में सहायक प्रोग्रामर का एक पद सृजित किया है। इस पर नियत मानदेय पर नियुक्ति की जायेगी। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने सुरक्षा संवर्ग और आईटी संवर्ग में पद सृजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बीकेटीसी का अपना सुरक्षा संवर्ग होने से मंदिरों में दर्शन व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। बदरीनाथ व केदारनाथ के अलावा अन्य अधीनस्थ मंदिरों में भी सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। आईटी संवर्ग में पदों के सृजन से विभिन्न व्यवस्थाओं में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग होगा। ई-ऑफिस, ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग होने से कामकाज में पारदर्शिता बढ़ेगी।



अजेन्द्र अजय
बीकेटीसी अध्यक्ष

# सीएम ने उच्च शिक्षा एवं शहरी विकास विभाग के 153 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र




**देहरादून (वि.सं.)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग में चयनित 68 असिस्टेंट प्रोफेसर, शहरी विकास विभाग में चयनित 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी राज्य सरकार के साथी के रूप में राज्य में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा जो जिम्मेदारी मिलने वाली है, उसका निर्वहन पूर्ण मनोयोग और ईमानदारी से करना है और उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने के लिए सभी को अपना योगदान देना है। सभी चयनित युवा अपनी मेहनत, माता-पिता, गुरुजनों एवं भगवान के आशीर्वाद से इस मुकाम पर पहुंचे हैं। जीवन के इस नए आयाम में नई शुरुआत करनी है, नौकरी के पहले दिन से ही संकल्प, अनुशासन लेकर कार्य करें, आगे काम करने के लिए जीवन में मापदंड तय करने होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित अभ्यर्थी हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपके द्वारा किए गए कार्यों का प्रभाव लाखों लोगों पर पड़ेगा, जनता के विश्वास पर खड़ा उतरना सभी की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। आपकी लगन और मेहनत से प्रदेश विकास क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार की संकल्पना समृद्ध और सशक्त उत्तराखंड की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की थी। उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सरकार हर संभव कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास हेतु अनेक कार्य कर रही है। सभी छोटे बड़े शहरों को विकसित करने हेतु निरंतर कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सभी शहरों के नवीनीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शहरी विकास में चयनित सभी अभ्यर्थी पूर्ण निष्ठा से शहरों के विकास की परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे और राज्य के विकास में अपना अहम योगदान देंगे। अभ्यर्थी जन सहभागिता को प्राथमिक देकर कार्य करें, ताकि योजनाओं का सीधा लाभ आम जन को मिले। उन्होंने कहा निश्चित ही नए अभ्यर्थियों के आने से विभाग में नवाचार, ट्रांसपेरेंसी आएगी और कार्यशैली में परिवर्तन भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये हैं। राज्य में 20 मॉडल कॉलेज बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू करके इस समस्या को जड़ से खत्म किया है। आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगे भी विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को जल्द भरेगी। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि लोक सेवा आयोग से चयनित सभी युवा, आने वाले समय में हमारे योग्य और सक्षम अधिकारीगण बनेंगे। आज प्रदेश में 105 निकाय हैं, शहरी विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में सभी युवा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इन अभ्यर्थियों के आने से विभाग के कार्यों में तेजी आयेगी। प्रदेश में 9 नगर निगम, 47 नगर पालिका, 49 नगर पंचायतें हैं। इन क्षेत्रों का विकास विभाग की प्राथमिकता में है। अब नए युवा अधिकारियों के आने से यह कार्य और सरलता से हो सकेगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीन वर्षों में 15 हजार 500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का कार्य किया गया है। इस वर्ष 4000 बेसिक शिक्षकों, 1600 एल.टी , 882 लेक्चरर, करीब 622 प्रधानाचार्य, बीआरपी सीआरपी में 1500, हर इंटर कालेज हेतु 2500 चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति करने वाले हैं। इस प्रकार से कुल 11 हज़ार लोगों की नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होंगी। इसके अलावा 1500 नर्सिंग स्टाफ, 750 एएनएम, 500 सीएचओ, 500 डॉक्टर्स, 378 मेडिकल कॉलेज हेतु असिस्टेंट प्रोफेसर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, हरिद्वार, रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज हेतु 3700 पदों पर नियुक्तियां देने जा रहे हैं। आज राज्य सरकार युवाओं की रोजगार के कई अवसर दे रही है। इस अवसर पर विधायक फ़कीर राम टम्टा, सचिव शैलेश बगौली, सचिव नितेश झा, निदेशक शहरी विकास नितिन भदौरिया, अपर निदेशक डॉ. ललित नारायण मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# ऐतिहासिक टेस्ट में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से हराया, जीती सीरीज

## शोएब बशीर ने रचा इतिहास





शोएब बशीर अब घरेलू मैदान पर टेस्ट मैच (पुरुष) में 5 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के सबसे युवा गेंदबाज हैं। इससे पहले जेम्स एंडरसन सबसे युवा गेंदबाज थे। शोएब बशीर घरेलू धरती पर टेस्ट मैच में 5 विकेट लेने वाले 21 वर्ष से कम आयु के पहले इंग्लिश स्पिनर बन गए हैं।

शोएब बशीर साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के 8/70 के बाद ट्रेंट ब्रिज में 5 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर हैं। 2000 के बाद से इंग्लैंड की धरती पर वेस्टइंडीज की यह लगातार 8वीं टेस्ट सीरीज़ हार है। इससे पहले उन्होंने 1988 में इंग्लैंड में सीरीज़ जीती थी।

**नॉटिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हरा दिया। वेस्टइंडीज ने 385 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की, लेकिन फिर ढेर हो गई। उनके सलामी बल्लेबाजों ने 66 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद शोएब बशीर (41/5), क्रिस वोक्स (28/2), गस एटकिंसन (49/2) और मार्क वुड (17/1) ने अंतिम सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के बाद मेहमान टीम को महज 143 रन पर समेट दिया। पहली पारी में 121 और दूसरी पारी में 51 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### गेंदबाजों से पहले रूट और ब्रूक ने जड़े शतक

एक समय, लगभग सभी को लगा कि यह खेल पांचवें दिन तक चलेगा, लेकिन वेस्टइंडीज के लगातार विकेट गिरने से चौथे चाय के बाद एक ही सत्र में खत्म हो गया। चौथे दिन न सिर्फ इंग्लैंड के गेंदबाजों ने कमाल किया, बल्कि सुबह यॉर्कशायर की जोड़ी हैरी ब्रूक और जो रूट ने शतक भी जड़े। दोपहर में मेहमान गेंदबाज के सभी प्रयास व्यर्थ गए और वेस्टइंडीज 241 रन से हार गया।

### तीसरा टेस्ट मैच 26 से 30 जुलाई तक

इंग्लैंड ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए सीरीज के इस दूसरा टेस्ट को अपने नाम करने के साथ ही 3 मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में खेला गया पहला टेस्ट मैच एक पारी और 114 रन से जीता था। सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 26 से 30 जुलाई के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड के लिए चौथी पारी की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही, क्योंकि वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट और मिकाइल लुइस ने पहले विकेट के लिए 13.1 ओवर में 61 रन जोड़ लिए। हालांकि, ड्रिंक्स के बाद क्रिस वोक्स ने पहली गेंद पर ही विकेट चटका दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज के विकेटों का पतन शुरू हो गया।

### वेस्टइंडीज ने 6 ओवर में गंवाए 5 विकेट

वेस्टइंडीज ने छह ओवर में पांच विकेट खो दिए, जिसमें शोएब बशीर के हिस्से में 3 विकेट आए। एलिक एथनाज और कावेम हॉज ने पहली पारी में मिलकर 175 रन बनाए थे, जबकि वे दूसरी पारी में कुल 1 रन बना पाए। जेसन होल्डर और जोशुआ डिसिल्वा ने वेस्टइंडीज का स्कोर 91/6 होने के बाद पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन उनका प्रयास ज्यादा देर तक नहीं टिक पाया और इंग्लैंड जीत के करीब पहुंच गया।

### शोएब बशीर की गेंद पर खत्म हुआ दूसरा टेस्ट

मार्क वुड की गेंद पर केविन सिंक्लेयर ने अपना विकेट गंवाया और फिर शोएब बशीर ने शमार जोसेफ को विकेट झटककर मैच को समाप्त करते हुए इंग्लैंड को सीरीज में जीत दिला दी। इससे पहले जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों की मदद से इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 21 जुलाई को 425 रन बनाए और वेस्टइंडीज के सामने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 385 रन का लक्ष्य रखा।

इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 248 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। तब रूट 37 और ब्रूक 71 रन पर खेल रहे थे। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इससे इंग्लैंड निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बावजूद मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रहा।

### रूट का 32वां और ब्रूक का 5वां टेस्ट शतक

जो रूट ने अपने करियर का 32वां, जबकि हैरी ब्रूक ने पांचवां टेस्ट शतक लगाया। वेस्टइंडीज के सबसे सफल गेंदबाज जॉडेन सील्स (97 देकर 4 विकेट) ने ब्रूक को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। जो रूट ने एक छोर संभाले रखा, लेकिन दूसरी तरफ से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। हैरी ब्रूक ने अपनी पारी में 132 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके लगाए।

जेसन होल्डर ने रूट की पारी का अंत किया। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने आठवें नंबर के विकेट के रूप में आउट होने से पहले 178 गेंद खेली और 10 चौके लगाए। निचले क्रम में गस एटकिंसन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी।

# यूएई को 78 रन से रौंदने के बाद बोलीं हरमनप्रीत - हमारा ध्यान तेज रन चुराने पर था



**दांबुला, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला एशिया कप में यूएई को 78 रन से रौंदने और लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के बाद रविवार को कहा कि हम जोखिम भरे शॉट खेलने की बजाय तेज़ रन चुराने पर ध्यान दे रहे थे। कप्तान ने मैच के बाद कहा कि मैं फ़िलहाल ठीक हूं। जब मैं और जेमी (जेमिमाह रॉड्रिग्स) बल्लेबाज़ी कर रहे थे, तो बहुत अच्छा लग रहा था। ऋचा ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की।

मेरी बस यही भूमिका थी कि मैं उन्हें स्ट्राइक देती रहूं। वह साझेदारी बहुत अच्छी थी और इसका सारा श्रेय ऋचा को जाता है। हरमनप्रीत और ऋचा ने मैच में शानदार अर्धशतक बनाये और ऋचा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। ऋचा ने कहा कि जब भी मैं हैरी दी (हरमनप्रीत कौर) के साथ बल्लेबाज़ी करती हूं तो वह मुझे बताती रहती हैं कि पिच कैसे खेल रहा है और उस पर कैसे शॉट खेलना है। जब भी मुझे मौक़ा मिलता है, मैं अपने आपको बैक करती हूं। पहला चौका कवर ड्राइव से आया, जो मेरा फ़ेवरिट था।

यूएई की कप्तान इशा ओझा ने कहा कि भारत जैसी टीम के ख़िलाफ़ खेलना एक अच्छा अनुभव था और हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। एक पारी को कैसे खड़ा करते हैं और मैच को कैसे खत्म करते हैं, ये सब हमने आज सीधे रूप से देखा। हमें इन सब पर ही काम करना है। हम बड़े टीमों के ख़िलाफ़ और खेलना चाहते हैं और इससे कभी संतुष्ट नहीं होंगे। हमें सुनिश्चित करना होगा कि हमें 10 विकेट चाहिए ना कि तीन विकेट। हमने एक अच्छी विपक्षी टीम के ख़िलाफ़ एक अच्छा स्कोर खड़ा किया।

# ऋचा घोष ने महिला एशिया कप में रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला एशिया कप 2024 के दौरान पहली बार टी20आई में 200 रन बनाने वाली भारत की टीम ने यूएई के खिलाफ दांबुला में अपनी शानदार पारी के दौरान इतिहास रच दिया। ऋचा महिला एशिया कप में अर्धशतक बनाने वाली पहली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बनीं क्योंकि उन्होंने रविवार को भारत को शानदार प्रदर्शन करने में मदद की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 66 रन बनाए और पारी में सर्वोच्च स्कोरर रहीं। यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने मजबूत शुरुआत दी थी, लेकिन बाएं हाथ



की सलामी बल्लेबाज जल्द ही आउट हो गईं। शेफाली ने 18 गेंदों पर 37 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज के आउट होने से पहले भारत ने 5 ओवर में 52 रन बनाए। इसके बाद भारत को परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि हेमलता को हॉटचंदानी ने आउट कर दिया। हरमनप्रीत और जेमिमा ने पारी को संभाला और भारतीय कप्तान ने आक्रामक खेल दिखाया। दोनों ने 54 रन की साझेदारी की लेकिन 8 ओवर से ज़्यादा समय बचा होने पर जेमिमा आउट हो गईं। यहीं पर रिचा ने कदम रखा और खेल को पूरी तरह से बदल दिया। भारतीय विकेटकीपर ने दो सिंगल के साथ शुरुआत की, फिर एक चौका जड़ा। इसके बाद 15वें ओवर में छक्का लगाया और अगले ओवर में उन्होंने यूएई की कप्तान ईशा ओज़ा को 4 चौके लगाए।

रिचा ने सुनिश्चित किया कि वह अपनी कप्तान के साथ स्ट्राइक रोटेट करती रहें और दोनों ने जल्दी ही 50 रन की साझेदारी पूरी कर ली। एक समय ऐसा लगा कि भारत 200 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाएगा, क्योंकि 19वें ओवर में हरमनप्रीत को दिक्कत आ रही थी। हालांकि भारतीय कप्तान ने आखिरी 3 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्का लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम ओवर में भारतीय कप्तान रिचा के साथ हुई गलती के कारण रन आउट हो गए लेकिन भारतीय विकेटकीपर ने उनकी भरपाई कर दी। अंतिम 5 गेंदों को रिचा ने बाउंड्री पर भेजा और वह 29 गेंदों पर 64 रन बनाकर नाबाद रहीं और उनकी पारी में 12 चौके और एक छक्का शामिल था। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। टी20ई में भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2018 में मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 198 रन था।

# नॉर्डिया ओपन के फाइनल में राफेल नडाल को लगा तगड़ा झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को तगड़ा झटका लगा है। नॉर्डिया ओपन के फाइनल मैच में उन्हें नूनो बोर्गेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल खिलाड़ी ने स्पेन के अनुभवी खिलाड़ी को 6-3, 6-2 से हराया।

नडाल 2022 फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार एटीपी टूर पर किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। बोर्गेस ने एकतरफा जीत के बाद कहा, यह शानदार है, टेनिस में कभी-कभी ऐसा होता है जिसकी आप उम्मीद नहीं करते है। मुझे पता है कि यहां हम सभी चाहते थे कि राफा (नडाल) जीते, मेरे अंदर का एक हिस्सा भी यही चाहता था, लेकिन दूसरा हिस्सा मुझे कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित कर रहा था।

नडाल ने स्वीडन में 2005 में 19 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था, जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे थे। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# भारत के साथ क्रिकेट मैच खेलने के लिए पाकिस्तान का नया दांव!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करेगा. भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान जाएगी या नहीं, खैर पर संशय बना हुआ है. लेकिन इससे पहले बड़ी जानकारी सामने आ रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी भारत को 2025 में किसी तटस्थ स्थान पर टी20 बायलेटलर सीरीज के लिए आमंत्रित कर सकते हैं. साथ ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं देने के अपने फैसले पर कायम है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी भारत को 2025 के दौरान किसी तटस्थ स्थान पर टी20 सीरीज के लिए आमंत्रित करेंगे.

# जाफना किंग्स ने गैले मार्वल्स को हरकार जीता लंका प्रीमियर लीग का खिताब



**कोलंबो, एजेंसी।** लंका प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल रविवार (21 जुलाई) जाफना किंग्स और गैले मार्वल्स के बीच खेला गया. खिताबी मुकाबले में जाफना किंग्स ने 9 विकेट से जीत हासिल की. यह टूर्नामेंट का पांचवां सीज़न था. हाई स्कोर बनने के बाद भी खिताबी मुकाबला एकतरफा रहा. मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए जाफना किंग्स की तरफ से रिली रोसो ने नाबाद शतकीय पारी खेली.

इसके अलावा कुसंल मेंडिस ने भी कमाल की बैटिंग करते हुए नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली. कोलंबो के आर.प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए गैले मार्वल्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन बोर्ड पर लगाए थे. टीम के लिए भानुका राजापक्षे ने शानदार पारी खेलते हुए 34 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 82 रन बनाए थे. पहली पारी के बाद लगा कि मुकाबले में टक्कर देखने को मिलेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाफना किंग्स ने 15.4 ओवर में 1 विकेट पर 185 रन बनाकर जीत हासिल कर ली. जाफना किंग्स ने 26 गेंद पहले ही मुकाबला अपने नाम कर लिया था. टीम के लिए रिली रोसो ने शतकीय पारी खेलते हुए 53 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्कों की मदद से 106* रन बनाए. बता दें कि यह जाफना किंग्स का चौथा खिताब रहा.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाफना किंग्स ने पथुम निसंका के रूप में पहला विकेट पहली ही गेंद पर गंवा दिया. फिर इसके बाद रिली रोसो और कुसल मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 185* (93 गेंद) रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी. रोसो और मेंडिस के आगे गैले मार्वल्स के गेंदबाज़ पूरी तरह बेबस नज़र आए. साझेदारी में रोसो ने शतक लगाते हुए 106* और मेंडिस ने 40 गेंदों में 72* रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. गैले मार्वल्स की तरफ से सिर्फ ड्वेन प्रिटोरियस ने 1 विकेट झटका. इस दौरान प्रिटोरियस ने 2.4 ओवर में 18 रन खर्चे. इसके अलावा जेनिथ लियानाज ने 2 ओवर में 30, इसुरु उडाना ने 3 ओवर में 42, सहान अरचिगे ने 1 ओवर में 20, महीश तीक्षणा ने 4 ओवर में 34 और प्रभात जयसूर्या ने 1 ओवर में 16 रन खर्चे.

## 57वां बील शतरंज रैपिड

# मार्टिरोसयान बने रैपिड के विजेता प्रज्ञानन्दा को दूसरा स्थान

**बील, स्विट्जरलैंड, एजेंसी।** बील शतरंज महोत्सव के 57वां संस्करण के रैपिड शतरंज में अर्मेनिया के हाइक मार्टिरोसयान ने कुल 10 राउंड में से 7 अंक बनाते हुए रैपिड का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के आर प्रज्ञानन्दा , जर्मनी के विंसेंट केमर और वियतनाम के लिएम क्वांग ली ने प्रत्येक 10 में से 5 अंक बनाए पर बेहतर टाई-ब्रेक के अनुसार वह क्रमशः दूसरे से चौथे स्थान पर रहे ।

प्रज्ञानन्दा के लिए रैपिड अच्छा नहीं बीता और वह केवल विन्सेंट केमर के खिलाफ जीत दर्ज कर सके उन्होंने और उन्हे एकमात्र हार यूएसए के सैम शैंकलैंड खिलाफ मिली जबकि अन्य आठ बाज़ियाँ उन्होने ड्रॉ खेली । वही जर्मनी के ग्रांडमास्टर अलेक्जेंडर डोंचेंको ने 7 अंक बनाकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब



जीता। भारत की आर वैशाली ने 5 अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इहोर समुनेन्खोव (यूक्रेन) और मार्क एंड्रिया मौरिज़ी (फ्रांस) को हराया।

# पेरिस ओलिंपिक से पहले श्रीजेश का ऐलान, इस टूर्नामेंट के बाद ले लेंगे रिटायरमेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक ओर जहां 100 से अधिक भारतीय एथलीट पेरिस ओलिंपिक में मेडल जीतने की तैयारी में लगे हुए हैं तो दूसरी ओर हॉकी फैंस को बड़ा झटका लगा है।भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने सोमवार को घोषणा की कि पेरिस ओलिंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। 328 अंतरराष्ट्रीय मैच तीन ओलिंपिक, कई राष्ट्रमंडल खेल और विश्व कप जीतने वाले 36 वर्षीय श्रीजेश अपने चौथे ओलिंपिक खेलों में खेलेंगे।

इस महासमर का आगाज 26 जुलाई से शुरू होगा। हॉकी इंडिया से श्रीजेश ने कहा- जब मैं पेरिस में अपने अंतिम मिशन की तैयारी कर रहा हूं, तो मैं बहुत गर्व के साथ पीछे देखता हूं और उम्मीद के साथ आगे बढ़ता हूं। उन्होंने कहा- यह यात्रा असाधारण रही है और मैं अपने परिवार, साथियों, कोचों, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया से मिले प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत

**रफीगंज(औरंगाबाद) नि.सं.)।** रफीगंज में पौथु थाना के सीमां गांव में सड़क दुर्घटना में सीमा गांव निवासी शंभू यादव के 18 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार की मौत हो गई। धक्का लगने पर पूरा ग्रामीण इकट्ठा हो गए। घायल व्यक्ति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पौथू थानाध्यक्ष आकाश राज घटनास्थल में पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि गांव के रामचंद्र यादव के घर के सामने रोड पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हुआ है।

### सावन में 72 साल बाद बने अद्भुत योग व खास संयोग

**गोह (औरंगाबाद) नि.सं.)।** इस बार सावन के महीने की शुरुआत सोमवार से हुई है। यह संयोग 72 साल बाद बना है। इस बार के सावन के महीने में शुक्र आदित्य योग, बुद्ध आदित्य योग, नव पंचम योग, गजकेसरी योग, कुबेर योग और शशि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है।

# जमीन की मापी के दौरान गोलीबारी एक की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

- शिवध्यान चौधरी और योगेंद्र चौधरी गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

निज संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के देव थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में सोमवार को दोपहर भूमि विवाद को लेकर हो रही जमीन मापी के दौरान हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रफीगंज के सिमरा जमशेद गांव निवासी देवेंद्र शर्मा के इकलौते पुत्र बंटी कुमार(19) के रूप में की गई है। देवेंद्र दिल्ली की एक प्राईवेट कंपनी में गार्ड का काम करता था। गोलीबारी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची देव थाना की पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी शिवध्यान चौधरी और योगेंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस गोलीबारी में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। मौके पर सदर एसडीपीओ 1 संजय कुमार पांडेय कैंप कर रहे है। मिली जानकारी के मुताबिक चांदपुर गांव के सुनील सिंह अपनी जमीन बेंच रहे थे। बिक्री की जाने वाली जमीन को अलग करने के लिए सरकारी अमीन से नापी कराई जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही योगेंद्र पांडेय, शिवध्यान पांडेय और रामध्यान पांडेय मौके पर पहुंचे और इनके द्वारा गोलीबारी की जाने लगी। गोली लगने से रिश्तेदारी में आए रफीगंज के सिमरा जमशेद निवासी बंटी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने से घायल बंटी को आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। वही गोलीबारी की सूचना मिलते ही मौके पर सदल बल पहुंचे देव थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं एसआई नीतू कुमारी ने कर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग करने के आरोपी चांदपुर गांव निवासी योगेंद्र पांडेय और शिवध्यान पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुटी है।

### बाइक दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत, एक घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सोमवार को औरंगाबाद के हसपुरा में हसपुरा पीरू मुख्य मार्ग पर गवसपुर पेट्रोल पंप के मोड़ पर बाइक दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना में बाइक चालक की मौत हो गई और बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया। मृत युवक की पहचान हसपुरा आदर्श नगर के सुभाष साव का 16 वर्षीय पुत्र रौनक कुमार के रुप में हुई है। जबकि घायल हसपुरा बाजार के 15 वर्षीय सोनू कुमार है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों युवक श्रावण माह के पहली सोमवार को बाइक से पीरू होकर देवकुंड धाम पूजा करने जा रहे थें। गवसपुर पेट्रोल पंप के पास एक मोड़ है,जहाँ बाइक काफी तेज गति में होने के कारण बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया। जल्दबाजी में बाइक का हार्ड डिस्क ब्रैक ले लिया। दोनों युवक बाइक से दूर फेका गए। बाइक चालक को माथे पर काफी गहरी चोट लगी और वो उसी जगह बेहोश हो गए।

कोर्ट के आदेश पर 40 साल बाद कार्रवाई

# पुरानी सब्जी मंडी में चला बुलडोजर, प्रशासन और व्यापारियों के बीच मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की पुरानी सब्जी मंडी में सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला। इस कार्रवाई से पहले प्रशासन और व्यापारियों के बीच कई बार बहस हुई। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और अन्य उच्च पदाधिकारी व्यापारियों से बातचीत के लिए पहुंचे, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। प्रशासन ने व्यवसायियों को दूसरी जगह व्यापार करने का आश्वासन दिया है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह और अंचलाधिकारी अरुण कुमार ने कोर्ट के अधिकारियों के साथ मिलकर मंडी को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस और बुलडोजर की उपस्थिति से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। कुछ व्यापारी आनन-फानन में अपना सामान लेकर भागने लगे। प्रशासन ने किसी भी व्यापारी की बात नहीं सुनी और कोर्ट के आदेश का पालन किया। यह मामला करीब 40 वर्षों से न्यायिक प्रक्रिया में चल रहा था। 15 जून को न्यायालय के कर्मचारियों ने सब्जी मंडी को खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया था और 20 जून तक जमीन को खाली करने का आदेश दिया था। खाता संख्या 185 में 26 डिसमिल और 369 में 39 डिसमिल जमीन को खाली करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट के आदेश के अनुसार संबंधित लोगों को जमीन खाली करनी पड़ी और प्रशासन ने इस आदेश को अमल में लाने के लिए कार्रवाई शुरू की। व्यापारियों ने न्यायालय के आदेश का विरोध किया और समय मांगा, लेकिन प्रशासन ने किसी की एक नहीं सुनी। प्रशासन की इस कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी और हताशा है। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए प्रशासन ने अपने बुलडोजर से मंडी को पूरी तरह खाली करा दिया। स्थानीय जनता इस कार्रवाई से हैरान है।

### चार घंटे तक चला बुलडोजर

सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में चार घंटे से अधिक समय तक बुलडोजर चला। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे और सड़कों के चारों ओर लोगों की भारी भीड़ लगी रही। स्थानीय लोग अलग-अलग चर्चाओं में व्यस्त थे। रविवार को जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से मंडी खाली करने का निर्देश दिया था, लेकिन कुछ व्यापारी इसका पालन नहीं कर रहे थे।

# सिन्हा कॉलेज में 'ट्रैवल फॉर लाइफ एवं देखो अपना देश' कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सोमवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में इंडिया टूरिज्म पटना, मिनिस्ट्री आफ टूरिज्म गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के अंतर्गत 'ट्रैवल फॉर लाइफ एवं देखो अपना देश' एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्तर के एसोसिएट शामिल हुए जिसमें आशीष थूरिया एवं यू जरगारियां (म्यांमार) से, जिना लोका (अरुणाचल प्रदेश), नैनी सारा (त्रिपुरा), डॉ समा रत्ना (नालंदा) एवं डॉक्टर अनंतसूतोष द्विवेदी पटना से शामिल हुए। सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों को एनसीसी के छात्र-छात्राओं के द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया इसके बाद अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों एवं प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों को बारी-बारी से सॉल, डायरी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय का कुल गीत गाया गया एवं नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से अपने धरोहर को जानने और समझने का मौका मिलता है, प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को शायराना अंदाज में शमा को बांधे रखा। अपने संबोधन के अंत में हेरीटेज सोसायटी पटना के महानिदेशक डॉक्टर अनंताशुतोष द्विवेदी जी को प्राचार्य महोदय ने धन्यवाद दिया और कहा कि आप महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विश्व विरासत से अवगत होने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। उसके बाद आए हुए सभी अतिथियों ने अपना अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर अनंताशुतोष द्विवेदी (हेरीटेज सोसायटी पटना के महानिदेशक) ने कहा कि वर्ल्ड हेरिटेज ओलंपियाड द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ है आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे उन्होंने कहा कि आप लोगों की उपस्थिति को देखकर हम गदगद हैं और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम इस महाविद्यालय में होंगे इसको लेकर मैं आप लोगों को अस्वस्थ करता हूं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों एवं शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों को इंडिया टूरिज्म पटना, मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के द्वारा प्रमाण पत्र एवं टोपी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह (विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग) ने किया। टेक्निकल सपोर्ट प्रवीण दुबे का रहा। इस कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ राजीव रंजन, डॉ नागेंद्र कुमार, संतोष सुमन, अमित कुमार सिंह, अनूप कुमार, अंजनी कुमार, आदित्य गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, सुशोभन आनंद, अनिल कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव, ओमप्रकाश कुमार, नीरज कुमार, शशि कांत कुमार, निधि राय, राहुल कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, पप्पू सिंह, राजेश मिश्रा इत्यादि शामिल हुए।

### सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद) नि.सं.)।** रफीगंज में पौथु थाना के सीमां गांव में सड़क दुर्घटना में सीमा गांव निवासी शंभू यादव के 18 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार की मौत हो गई। धक्का लगने पर पूरा ग्रामीण इकट्ठा हो गए। घायल व्यक्ति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पौथू थानाध्यक्ष आकाश राज घटनास्थल में पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि गांव के रामचंद्र यादव के घर के सामने रोड पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय हुआ 'पीएमश्री' विद्यालय के लिए चयनित, विद्यालय परिवार ने जताया हर्ष

कार्यालय संवाददाता




सतत बहुआयामी विकास के संकेतकों पर निरंतर प्रगति कर रहा अनुग्रह मध्य विद्यालय को केंद्र सरकार के शिक्षा विभाग ने पीएमश्री विद्यालय के लिए चयनित किया है। मंत्रालय की निदेशक,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग प्रीति सिंह ने पत्र जारी कर सूची राज्य एवं जिले को प्रेषित की हैं।सूचना प्राप्त होते ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने अतिशय प्रसन्नता व्यक्त किया है और कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सम्मिलित रहे सभी स्टेकहोल्डर्स यथा जिला प्रशासन,सामाजिक संगठन,शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी एवं विद्यालय का हर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी आदि सभी बधाई के पात्र हैं।प्रधानाध्यापक ने जानकारी दी कि पीएमश्री अनुग्रह मध्य विद्यालय आने वाले समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी फीचर्स को प्रदर्शित करता हुआ दिखेगा एवं आसपास के विद्यालयों को भी अपने संसाधनों एवं क्षमताओं से लाभान्वित करेगा।अनुग्रह मध्य विद्यालय में सभी सुविधाएं मानक के अनुरूप मुहैया कराया जाएगा। अटल टिंकरिंग लैब, स्किल लैब,इनोवेशन काउंसिल,चाइल्ड ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर, मिशन लाइफ, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, बाला पेंटिंग, जादुई पिटारा, प्रिंसिपल एवं टीचर्स का विशेष ओरिएंटेशन, अत्याधुनिक साइंस लैब एवं वेल फर्निश्ड लाइब्रेरी आदि अनेक सुविधाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। प्रिंसिपल ने बताया कि अब शिक्षा कही अधिक एक्सपेरिमेंटल, हॉलिस्टिक, इंटीग्रेटेड एवं इंक्वायरी ड्राइवेन होगी जिससे बच्चों की नयी टीम ज्यादा रचनात्मक ऊर्जा के भंडार से युक्त होंगे। विदित है कि हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने अपने प्रयास से विद्यालय में गुणात्मक सुधार लाया है। केनरा बैंक के सीएसआर से शानदार लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम, श्रीसमेंट के सहयोग से पूरे ग्राउंड का पेवर ब्लॉक्स से समतलीकरण, आकांक्षी जिला प्रोग्राम की मदद से स्मार्ट लर्निंग हेतु 21 सिस्टम से युक्त कंप्यूटर लैब, पूर्ववर्ती छात्र रहे पीपी पुष्कर अग्रवाल, अभियंता प्रमुख रहे विमल अम्बसठ के द्वारा विद्यालय के टॉपर्स को स्कॉलरशिप आदि दिलाकर विद्यालय में एक नयी उमंग का वातावरण स्थापित किए हैं।






# दुधेश्वरनाथ नगरी देवकुंड में श्रद्धालुओं की भीड़, पहले सोमवार पर 10 हजार से ज्यादा भक्त मंदिर पहुंचे

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** सावन की पहली सोमवारी पर औरंगाबाद के गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित सुप्रसिद्ध भगवान दूधेश्वर नाथ के जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की सुबह 4 बजे से ही लंबी कतार लगी रही। लगभग 10 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालु यहां उपस्थित होकर जलाभिषेक करने के लिए कतार में खड़े दिखे। महंत कन्हैया नंदपुरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की रहने ठहरने एवं दवा की व्यवस्था की गई है। साथ ही सुरक्षा बल प्राप्त मात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगे हुए हैं। मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भक्तों को जलाभिषेक करने में काफी मदद कर रही है। श्रद्धालु मनीष कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। बचपन से ही हम लोग जलाभिषेक करने यहां पहुंचते हैं। वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि सावन मास भगवान भोलेनाथ के लिए सबसे प्रिय महीना है। यह महीना के किसी भी दिन भगवान भोलेनाथ की प्रेम पूर्वक श्रद्धा पूर्वक पूजा किया जा सकता है। भगवान भोलेनाथ की विधि विधान पूजा अर्चनाकरने से सभी प्रकार के कष्ट समाप्त हो जाते हैं। श्रद्धालु की मानोकमानाएं पूरी होती है। यह महीना फलदायक माना गया है। श्रद्धालु इस माह में शाकाहार और फलाहार लें। इस महीने में पीला वस्त्र और लाल वस्त्र पहनना अति शुभ माना गया है।


# नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा

## सूचना सह छात्रों एवं अभिभावकों के नाम अपील

एतद् द्वारा धारा महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओ एवं उनके अभिभावकों से अपील की जाती है कि महामहिम राज्यपाल, बिहार सरकार सह कुलाधिपति सचिवालय के पत्रांक BSU (Directive)-43/2023-1388 दिनांक 13.08.2023 के आलोक में सभी छात्र-छात्राओं का वर्ग में 75% उपस्थिति अनवार्य है। 75% उपस्थिति वर्ग में यदि नही होगी तो आगामी परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही साथ महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने से प्रतिबंधित किये जा सकते है।

Viva-Voce Examination & Special Class Schedule Cumpulsory for All

| Date | Course | Premises |
|---|---|---|
| **Special Class** | | |
| 08/08/24 | LL.B(3 YRS) II & B.A.LL.B(5 YRS) IV | Campus II(Sanokhara) |
| 10/08/24 | LL.B(3 YRS) III & B.A.LL.B(5 YRS) V | Campus II(Sanokhara) |
| 12/08/24 | LL.B(HONS) II & III | Campus I(Kendua) |
| **University Viva-Voce Examination** | | |
| 09/08/24 | LL.B(3 YRS) II & B.A.LL.B(5 YRS) IV | Campus II(Sanokhara) |
| 11/08/24 | LL.B(3 YRS) III & B.A.LL.B(5 YRS) V | Campus II(Sanokhara) |
| 13/08/24 | LL.B(HONS) II & III | Campus I(Kendua) |

नोट : महाविद्यालय में आयोजित होने वाली Viva-Voce Examination में सभी विद्यार्थियों को ड्रेस कोड एवं नामांकन रसीद / परिचय पत्र साथ में लेकर आने पर ही सम्मिलित किया जायेगा।

Helpline Nos.- (Campus II) 9709581064, 9955488468, 9471650786, 9955609013, 7667204644


## जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थियों के कार्ड बनाने हेतु बैठक

**औरंगाबाद (का.सं.)।** सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड बनाने हेतु बैठक आहूत की गई। गौरतलब है कि मुख्य सचिव बिहार पटना के दिशा निर्देश के आलोक में जिले में दिनांक-18 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक विशेष अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। जिसमें जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया कि जिले 5 दिन में मात्र 2046 आयुष्मान कार्ड ही निर्गत हुए हैं। मतलब प्रतिदिन मात्र 400 कार्ड ही बनाए जा रहे हैं जो लक्ष्य के अनुरुप बहुत ही कम है। प्रतिदिन कम से कम 2500 कार्ड बनना चाहिए। इसके लिए हमें विशेष रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जिले में अभी तक मात्र 38 प्रतिशत ही कार्ड बन पाए हैं। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलाधिकारी ने इस बैठक के जरिए जिलेवासियो से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत इस अवसर का वे लाभ उठावें। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 18 से 31 जुलाई तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली के दुकान अथवा नजदीकी पंचायत सरकार भवन पर पंचायती राज के कार्यपालक सहायक से संपर्क कर अपना तथा अपने पूरे परिवार का आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। डीएम ने समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल क्रियन्वयन के लिए लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को वीसी के माध्यम से जुड़कर प्रतिदिन का अपडेट देनों का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी सीडीपीओ को प्रत्येक प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविकाओं के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनने को लेकर जागरूक कराने का निर्देश दिए। साथ ही साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने स्तर से इसे मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिए।